इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।
आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -221 राजनांदगांव, शुक्रवार 28 जून 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षों से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स
एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

लोकतंत्र और समाज को विघटनकारी ताकतों से खतरा : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा चुनाव के नतीजों को मोदी सरकार की दस वर्षों की सेवा और सुशासन का परिणाम बताते हुए देश-विदेश में सक्रिय कुछ विघटनकारी ताकतों द्वारा देश में लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज को तोड़ने के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है। राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी ताकतें अफवाह फैलाने के लिए आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही हैं और इससे निपटने के लिए भारत एक वैश्विक व्यवस्था बनाये का पक्षधर है।

श्रीमती मुर्मु ने सरकारी नौकरियों की भर्ती और परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए दलगत राजनीति से उपर उठकर उपाय खोजे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हाल में कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सख्त सजा दिये जाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार संविधान को न केवल राजकाज चलाने का माध्यम बल्कि जनचेतना का हिस्सा मानती है। उन्होंने कहा कि संविधान पर कई बार हमले हुए हैं लेकिन 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल इस पर सबसे बड़ा हमला तथा लोकतंत्र का काला अध्याय है।

श्रीमती मुर्मु ने अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद बुलाये गये संसद सत्र के चौथे दिन गुरूवार को यहां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में मोदी सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों को गिनाया और सामाजिक, आर्थिक और विदेश नीति तथा रक्षा के क्षेत्र में प्रगति के नये आयामों का खाका खींचा।

उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों को जीत के लिए बधाई दी और उन्हें इस अवसर का इस्तेमाल देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए करने को कहा। साथ में उन्होंने सदस्यों को भारत को कमजोर करने तथा विकास की राह में बाधा डालने वाली देश-विदेश में सक्रिय ताकतों के प्रति आगाह भी किया। उन्होंने कहा, मैं आप सभी सदस्यों से अपनी कुछ और चिंताएं भी साझा करना चाहती हूं। मैं चाहूंगी कि आप सभी इन विषयों पर चिंतन-मनन करके इन विषयों पर ठोस और सकारात्मक परिणाम देश को दें। आज की संचार क्रांति के युग में विघटनकारी ताकतें, लोकतंत्र को कमजोर करने और समाज में दरारें डालने की साजिशें रच रही हैं। ये ताकतें देश के भीतर भी हैं और देश के बाहर से भी संचालित हो रही हैं। इनके द्वारा अफवाह फैलाने का, जनता को भ्रम में डालने का, मिथ्या सूचनाओं के दुष्प्रचार का सहारा लिया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा, इस स्थिति को ऐसे ही बेरोक-टोक नहीं चलने दिया जा सकता। आज के समय में प्रौद्योगिकी हर दिन और उन्नत हो रही है। ऐसे में मानवता के विरुद्ध इनका गलत उपयोग बहुत घातक है। भारत ने विश्व मंच पर भी इन चिंताओं को प्रकट किया है और एक ग्लोबल फ्रेमवर्क की वकालत की है। हम सभी का दायित्व है कि इस प्रवृत्ति को रोकें, इस चुनौती से निपटने के लिए नए रास्ते खोजें। उन्होंने हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद बताते हुए देश की जनता,चुनाव आयोग तथा चुनावकर्मियों को बधाई दी और कहा कि भारतीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर हमला करने वाले किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ने न्यायालय तथा जनता दोनों का भरोसा जीता है।

राष्ट्रपति ने लोकसभा चुनाव में कश्मीर घाटी के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की रिकार्ड भागीदारी का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि कश्मीर घाटी ने जम्मू कश्मीर के बारे में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे दुष्प्रचार का करारा जवाब दिया है। नये संसद भवन के विशाल लोकसभा कक्ष में करीब एक घंटे तक चले अभिभाषण में राष्ट्रपति ने इस बात का भी संकेत दिया कि आगामी बजट में सरकार कुछ दूरगामी नीतिगत निर्णय और बड़े कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा, आगामी बजट दूरगामी नीतियों और भविष्योन्मुखी सोच का प्रभावी दस्तावेज होगा। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

सौम्या को नहीं मिली जमानत : विशेष अदालत ने सारे दलील खारिज करते हुए कहा- गड़बड़ी में पूरी संलिप्तता दिख रही

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित उपसचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। गुरुवार को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में सौम्या की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बहस हुई। मामले में गिरफ्तार आरोपी हेमंत और चंद्रप्रकाश जायसवाल की पुलिस रिमांड एक जुलाई तक बढ़ा दी है।

रायपुर के स्पेशल कोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने सौम्या चौरसिया की बेटी की बीमारी का हवाला दिया। वकील ने बताया कि सौम्या की चार साल की बेटी है। सही तरीके से देखभाल नहीं होने से उसकी तबीयत खराब रहती है। कोर्ट में बच्ची के मेडिकल रिपोर्ट को भी पेश की गई। इस दौरान वकील ने ईओडब्ल्यू के रिमांड पत्र का हवाला दिया।

वकील ने बताया कि पिछली रिमांड के दौरान ईओडब्ल्यू ने अपने पत्र में अभियुक्त को न्यायिक रिमांड में रखने की आवश्यकता नहीं बताई है। वकील ने दलील दी कि ईडी और ईओडब्ल्यू की एफआईआर में कहीं भी पद के दुरुपयोग का सबूत नहीं मिला है। सौम्या चौरसिया को जमानत मिलनी चाहिए। इन दलीलों को कोर्ट ने मना करते हुए सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मामले में कोर्ट में लगभग एक घंटे तक बहस चली। इसके बाद कोर्ट ने शाम को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि केस डायरी के मुताबिक इस आर्थिक गड़बड़ी में सौम्या चौरसिया की पूरी संलिप्तता नजर आ रही है। 25 रुपए लेवी का लाभ लेने की आशंका जताई है। इस पर कोर्ट ने निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।

महादेव सट्टा एप : आठ आरोपियों की रिमांड 10 जुलाई तक बढ़ी

वहीं प्रदेश के एक अन्य बहुचर्चित मामले महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप की गड़बड़ी में जेल में बंद आरोपियों निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, राहुल वकटे, रितेश यादव, भीम यादव, अमित अग्रवाल, सुनील दम्मानी और सतीश चंद्राकर समेत अर्जुन यादव की भी न्यायिक रिमांड बढ़ा दी गई। विशेष कोर्ट मे सभी आरोपियों की 10 जुलाई तक रिमांड बढ़ाई है। दम्मानी सट्टे के पैसे को हवाला में चलाता था। जबकि चंद्रभूषण वर्मा, सतीश, भीमसिंह अर्जुन यादव, पैसे कांग्रेस नेताओं, पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को हिस्से के रूप में देते थे।

राज्य शासन ने निविदा को लेकर जारी किया दिशा-निर्देश, निविदा के बाद अब तुरंत शुरू होगा काम

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग के कार्यों में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूरा करने राज्य शासन ने निविदा को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किया है। अब सड़क और सेतु निर्माण के लिए निविदा के पहले संबंधित कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा कि कार्य के लिए 90 प्रतिशत बाधारहित भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण के लिए पूरी जमीन व्यवधान रहित होने पर ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी।

उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभागीय कार्यों में तेजी और कसावट लाने के निर्देश के बाद राज्य शासन ने प्रमुख अभियंता सहित सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया है। विभाग ने नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। इनका समुचित पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग की ओर से मंत्रालय से प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि निविदा आमंत्रण के पूरा कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधान रहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भू-अर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन और यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम पूरा कर लिया गया है और शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में पूरा कर ली जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत व्यवधान रहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

परिपत्र में कहा गया है कि सेतु कार्यों के पहुंच मार्ग के लिए 90 प्रतिशत लंबाई बाधारहित होने पर ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाए। निविदा आमंत्रण के पहले कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि पुल निर्माण के लिए पुल के पहुंच मार्ग के लिए प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधान रहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भू-अर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन और यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। विशेष प्रकरणों में शासन की ओर से अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

नीट पेपर लीक पर दोनों सदनों में स्थगन प्रस्ताव लाएगा विपक्ष, इंडिया गुट ने बैठक में बनाई रणनीति

संसद के विशेष सत्र के दौरान विपक्षी इंडिया गुट ने सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। कांग्रेस की अगुआई में विपक्ष शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में एनईईटी पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ियों के मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की एक बैठक में गुरुवार को यह फैसला लिया गया। इसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे समेत अन्य नेता शामिल रहे। शुक्रवार (28 जून) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा होगी। इस दौरान विपक्ष नीट, महंगाई, बेरोजगारी, सीबीआई, ईडी और राज्यपाल कार्यालय के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाएगा। साथ ही विपक्ष के सांसद सोमवार को संसद परिसर में गांधी प्रतिमा पर जुटेंगे।

सदन में सभी मुद्दों पर बहस होगी : जयराम रमेश

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इंडिया गुट की मीटिंग के बाद बताया कि आज बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। संसद में सभी मुद्दों पर बहस होगी, चाहे राष्ट्रपति का अभिभाषण हो या स्पीकर का चुनाव। डीएमके सांसद टी शिवा ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि हम शुक्रवार को नीट मुद्दे पर (संसद में) नोटिस देंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- सरकार निष्पक्ष जांच के लिए प्रतिबद्ध

बता दें कि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार मेडिकल परीक्षा (नीट) में अनियमितताओं के आरोप और यूजीसी-नेट, सीएसआईआर यूजीसी-नेट और एनईईटी-पीजी परीक्षाओं को रद्द करने को लेकर विपक्ष के निशाने पर है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र के संबोधन में कहा कि सरकार निष्पक्ष जांच के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- चाहे प्रतियोगी परीक्षाएं हों या सरकारी भर्ती, किसी भी रुकवाट का कारण नहीं होना चाहिए। इस प्रक्रिया में पूरी तरह पारदर्शिता और ईमानदारी जरूरी है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

छत्तीसगढ़ में विधानसभा, लोकसभा चुनाव में जीत का दावा करने वाली कांग्रेस को मिली करारी हार, केंद्रीय टीम करेगी समीक्षा

रायपुर। विधानसभा-लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार की वजह तलाशने कांग्रेस की केंद्रीय टीम शुक्रवार से छत्तीसगढ़ आ रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली बंगलुरु से सीधे रायपुर पहुंचेंगे। पांच दिवसीय दौरे के दौरान वे प्रदेश के अलग-अलग संभागों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। इससे पहले पहले दिन 28 जून को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे।

कांग्रेस ने चुनावी हार की समीक्षा करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। प्रदेश की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी में वीरप्पा मोइली को शामिल किया गया है, जो लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मिली हार का समीक्षा करेंगे। कमेटी के सदस्य एक जुलाई तक बैठक करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी बैठक में होगी।

लोकसभा में 10 सीट, विधानसभा में 36 हार

छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटों में से 10 पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। 2019 के मुकाबले पार्टी को एक सीट का नुकसान हुआ। वहीं विधानसभा सीटों की स्थिति पर गौर करें तो यहां 90 में से कांग्रेस को सिर्फ 36 सीट ही मिल पाई। यह स्थिति तब हुई है जब प्रदेश में 2018 से 2023 तक कांग्रेस की सरकार रही।

इस बार के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने कई दिग्गजों को मैदान में उतारा था। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व गृह मंत्री और पूर्व कैबिनेट मंत्री शामिल थे। इसके बावजूद कांग्रेस एक मात्र अपनी कोरबा सीट ही बचा पाई। 2019 की जीत वाली बस्तर सीट उसके हाथ से निकल गई। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

'24 साल के कार्यकाल में कभी सियासी दबाव का सामना नहीं करना पड़ा', ऑक्सफोर्ड यूनियन में बोले सीजेआई चंद्रचूड़

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने गुरुवार को न्यायपालिका में विधायिका के किसी भी दखल की आशंका को खारिज किया। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के रूप में अपने 24 साल के कार्यकाल में उन्हें कभी किसी सरकार से किसी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। यह बात उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनियन की ओर से आयोजित सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कही।

सीजेआई ने कहा, भारत में न्यायाधीशों को विवादों पर इस तरह से फैसला करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है कि अदालतें मौजूदा भावनाओं के विपरीत संवैधानिक परंपराओं के आधार फैसले ले सकें। राजनीतिक दबाव के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे सरकार के दबाव के अर्थ में पूछ रहे हैं, तो मैं आपको बताता हूं कि बीते चौबीस वर्षों से जब से मैं न्यायाधीश रहा हूं, मैंने कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं किया है। भारत में हम जिन लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करते हैं, उनमें यह भी शामिल है कि हम ऐसा जीवन जीते हैं जो सरकार की राजनीतिक शाखा से अलग-थलग है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ
जल स्रोत खोज विशेषज्ञ (पिछले 5 वर्षों से)
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच
प्रो. सौरभ साहू (दद्दू) - 7987256455, 9407608684
पता :- नंदई चौक, वन वाटिका के सामने, मोहारा रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध
ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
- सीने में भारीपन
- उच्च रक्तचाप,
- ब्लड शुगर, • थायराइड
- चलने पर सांस फूलना,
- कंधों में जकड़न,
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
- पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

जनदर्शनः आयुषी ने लगाई गुहार, बोली- आईएएस बनकर करना चाहती हूं देश सेवा, सीएम साय ने कहा- नहीं आएगी कोई बाधा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज से जनदर्शन कार्यक्रम शुरू कर दिया है। सीएम हाउस में आयोजित जनदर्शन में प्रदेश भर से लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनी और समस्या का निराकरण का आश्वासन दिया। जनदर्शन में मुख्यमंत्री को किसानों ने फसल नष्ट होने के संबंध में ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

इसी प्रकार लोगों ने अनुचित कब्जा हटाने, मनरेगा, बीमारी के इलाज के संबंध में मुख्यमंत्री को आवेदन सौंपा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज से जनदर्शन कार्यक्रम शुरू कर दिया है। सीएम हाउस में आयोजित जनदर्शन में प्रदेश भर से लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनी और समस्या का निराकरण का आश्वासन दिया। जनदर्शन में मुख्यमंत्री को किसानों ने फसल नष्ट होने के संबंध में ज्ञापन दिया।

किसानों ने फसल खराब होने पर की मुआवजे की मांग

मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। इसी प्रकार लोगों ने अनुचित कब्जा हटाने, मनरेगा, बीमारी के इलाज के संबंध में मुख्यमंत्री को आवेदन सौंपा

मुख्यमंत्री ने कहा- कोई बाधा नहीं आएगी

मुख्यमंत्री के जनदर्शन में आज रायपुर के श्याम नगर निवासी महाविद्यालय की छात्रा आयुषी द्विवेदी आई। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

कैंसर पीड़ित पति के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से मांगी सहायता मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को दिये निर्देश

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनदर्शन में मुख्यमंत्री के पास बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन दिए। मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से सभी के आवेदन देखें और त्वरित कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में एक महिला अपने पति रमेश शुक्ला की समस्या लेकर आई। पत्नी ने बताया कि उनके पति शुक्ला कैंसर की बीमारी से पीड़ित हैं।

बीमारी की वजह से उन्हें एडवांस ट्रीटमेंट की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने महिला को संबल देते हुए कहा कि हमारी सरकार के लिए स्वास्थ्य सबसे सर्वोपरि है। आपके पति को सभी संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रीमती शुक्ला ने आभार जताते हुए कहा कि हम लोग जनदर्शन में बहुत उम्मीद लेकर आए थे। आप से मिलकर, मुझे अपने पति के जल्द इलाज और गुणवत्तापूर्ण इलाज का भरोसा मिला है आज मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के संबंध में चर्चा में श्रीमती शुक्ला ने बताया कि 2 दिन पूर्व जनदर्शन की जानकारी मिली। मुख्यमंत्री के बारे में पढ़ा था कि सांसद और मंत्री रहते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के बहुत से लोगों का इलाज कराया है। जनदर्शन में इसका मौका मिला तो मैं आई। मेरा यहां आना सफल हुआ है।

गांव का दिव्यांग क्रिकेटर खेल चुका है नेशनल, श्रीनगर में अगला मैच

अनेक अवार्ड के बावजूद खिलाड़ियों को नहीं है सुविधाएँ

डोंगरगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम मोहड़ का एक नवयुवक जो ना तो सुन सकता है और ना ही बोल सकता है किंतु उसने अपने आत्मविश्वास और लगन से आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहा है, जो अन्य युवकों के लिए प्रेरणादायक है. कहते हैं कि ईश्वर ने किसी में कुछ कमी दी है, तो उससे ज्यादा उसे हुनरमंद भी बनाया है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण योगेंद्र में देखने को मिला है।

बता दें कि शहर से सटे छोटे से ग्राम मोहड़ से उभरी प्रतिभा ने पूरे देश में नगर और गांव का नाम रोशन किया है, जो निरंतर जारी है, पेशे से किसान मोहड़ निवासी दशरथ देवांगन के सुपुत्र योगेंद्र देवांगन क्रिकेट के उभरते खिलाड़ी हैं, जो वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर तक अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। वर्तमान में उनका अगला मैच जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आगामी 17 से 21 जुलाई के खेला जाना है. सुनने और बोलने में सक्षम नहीं होने से अन्य बच्चों के साथ खेलने में काफी असहज महसूस करता है लेकिन इस कमी को कभी भी उसने आगे आने नहीं दिया और अपने घर पर ही लगातार अभ्यास जारी रखा है, महेंद्र सिंह धोनी को अपना आदर्श मानने वाले एवं ग्रामीण इलाके में रहने वाले योगेन्द्र की क्रिकेट को लेकर काफी संजीदा है और घर पर ही छत की हुक में रस्सी के सहारे लटके बॉल से प्रतिदिन घंटों अभ्यास अकेले करता है। धीरे-धीरे योगेंद्र का खेल डोंगरगांव ब्लॉक से होते हुए राजनांदगांव तक पहुंचा जिसके बाद वहां उसके कोच से मुलाकात हुई।

जिसके बाद से योगेंद्र अपने कोच के साथ स्टेट और नेशनल खेलना शुरू कर दिया। इसी दौरान योगेंद्र ने बीसीसीआई के अंडर टेकिंग टी-20 में भी अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया है। उसके पास खेले संबंधित विभिन्न जिलों के प्रमाणपत्र और मेडल भी प्राप्त किया है।

अपने खर्च पर जाते हैं खेलने

इं. मेश्राम ने किया रामपुर व जंगलपुर स्कूल का निरीक्षण

शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों की हौसला अफजाई की

राजनांदगांव (दावा)। बुधवार 26 जून को नए शिक्षण सत्र 2024- 25 आरंभ होने के साथ जगह-जगह शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के नवीन विश्राम गृह (रानी सागर के पास) प्रभारी इंजीनियर राजशेखर मेश्राम डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम जंगलपुर संकुल के शाला प्रवेश उत्सव में खास मेहमान बतौर उपस्थित हुए। श्री मेश्राम ने जंगलपुर संकुल के हायर सेकेंडरी स्कूल और मिडिल स्कूल रामपुर का निरीक्षण किया।

शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होकर उन्होंने बच्चों को शिक्षा और संस्कार को जीवन की असल पूंजी बताते हुए अच्छी शिक्षा और अच्छा संस्कार ग्रहण करने प्रेरित किया है। उनके इस प्रयास पर दोनों विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्ति की। उल्लेखनीय है कि इंजीनियर राजशेखर मेश्राम जंगलपुर संकुल के नोडल अधिकारी नियुक्त है। आने वाले दिनों में उन्होंने पुनः निरीक्षण करने एवं इसी तरह बच्चों का उत्साहवर्धन करने की बात कही है। इंजीनियर श्री मेश्राम ने संकुल के विद्यालयों में बागवानी और वृक्षारोपण पर भी बल दिया है।

इसी के साथ उन्होंने खेलकूद के आयोजनों को भी बढ़ावा देने की बात कही है। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को साल गणेवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। शासन की इन योजनाओं की उन्होंने प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि शासन की निःशुल्क किताब एवं साल गणवेश वितरण तथा मध्यान्ह भोजन योजना से बड़ी संख्या में कई गरीब बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं एवं शासन प्रशासन को उनके पालकों की दुआएं मिल रही है।

पहला कॉलम...

गायत्री विद्या मंदिर हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचन बाग में नए शिक्षण सत्र के तहत 26 जून बुधवार को नव प्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में बच्चों के स्वागत के लिए विशेष सजावट किया गया। स्कूल में संगीत मयी प्रार्थना के पश्चात स्वागत गीत के मधुर धुन में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का तिलक लगाकर तथा अक्षत पुष्प की वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रेरणास्पद कविता पाठ किया गया। शाला की उप प्राचार्या तामेश्वरी साहू ने नर्सरी के नव-प्रवेशी बच्चों का प्रेरणात्मक उद्बोधन से उत्साह वर्धन किया।

वही प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर मेहनत करने व व्यवहार कुशल बनने की बात कही। शाला की शिक्षिका चेतना साहू ने बताया कि इस दौरान गायत्री शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्या देवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या सहित बड़ी संख्या में स्कूल स्टाफ के लोग उपस्थित थे। उपस्थित वरिष्ठजनों ने नव-प्रवेशी बच्चों के शाला प्रवेश पर उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प 4 जुलाई को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेण्ड्री राजनांदगांव में 4 जुलाई को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में कैरियर ट्री द्वारा टाटा मोटर्स गुजरात एवं डेलफिंजेन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड चेन्नई के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से 18 से 32 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-24 व 2023-24 के प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी, 12वीं उत्तीर्ण एवं स्नातक उत्तीर्ण उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत आवास का लाभ लेने 10 जुलाई तक निगम में दावा आपत्ति

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने नगर निगम राजनांदगांव द्वारा रेवाडीह, पेन्डीऊ लखोली, मोहारा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है, जहाँ पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जा रहा है, इन्ही आवासों में मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत निकाय क्षेत्र में निवासरत आवासहिन परिवार जो वर्षो से किरायेदार के रूप में निवास करते हुये अपने स्वयं के आवास का सपना देख रहे है, ऐसे परिवारों के लिये शासन की संवेदनशील पहल जिसके तहत आवास निर्माण में शासन की जितनी राशि व्यय हुयी है मात्र उस आवास के लागत मूल्य पर ही स्वच्छ सुंदर वातावरण में आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।

आवास आबंटन के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि आवास आबंटन हेतु शासन नियमों के तहत प्रक्रिया दावा-आपत्ति जारी की जा रही है। योजना अंतर्गत दिनांक 26 जून तक कार्यालय मे प्राप्त आवेदनों की खतौनी (आवेदनों का परीक्षण) करने के उपरांत पात्र-अपात्र आवेदनों की सूची नगर निगम के सूचना पटल पर दिनांक 26 जून दिन बुधवार से जनसाधारण के अवलोकन हेतु प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि 1048 क्रमांक तक के कुल 245 नए आवेदनों की सूची में 103 पात्र आवेदन एवं 142 अपात्र आवेदन की सूची नाम के साथ जारी की गई है, सूची के लिये दवा आपत्ति आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रकाशित पात्र एवं अपात्र आवेदकों पर जनसाधारण को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो उसे प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि में आवेदक के नाम से आपति दर्ज कर आवेदक के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है एवं ऐसे आवेदक जिनका आवेदन किसी कारणवश दस्तावेजों कि अनुपलब्धता के कारण नाम अपात्र की सूची में दर्ज हो ऐसे आवेदक सूची में दर्शाये गए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन आयुक्त नगर पालिक निगम के नाम आवेदन लिखकर कार्यालय में जमा जमा कर सकते है। तदाउपरांत दस्तावेजों के परीक्षण करने पर उन आवेदनों को पात्र करने की कार्रवाई की जाएगी। पूर्व मे जारी दावा-आपत्ति मे भी अपात्र आवेदक दस्तावेज संलग्न कर पात्रता अनूरुप योजना से लाभान्वित हो सकते है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि प्रकाशित सूची में किसी भी आवेदक के नाम पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो पात्र आवेदकों के लिये दिनांक 01 जुलाई सोमवार शाम 5:00 बजे तक एवं अपात्र आवेदक के लिये दिनांक 10 जुलाई बुधवार शाम 5:00 बजे तक संबंधित के विरुद्ध दावा आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें समय अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की की दवा आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी। उक्त दवा आपत्ति के संबंध में किसी प्रकार की कोई भी जानकारी प्राप्त करनी हो तो या कोई सहायता उक्त संबंध में किसी को चाहिए प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय कक्ष क्रमांक 19 में कार्यालय समय अवधि में संपर्क कर अपने शंका का समाधान कर सकते हैं। पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जावेगा।

रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 3 जुलाई को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 3 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है।

प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से बीएसीएस एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड कोसा नाला टोल प्लॉजा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा एचआर (ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव), असिस्टेंट व डिप्टी मैनेजर व मैनेजर, ट्रेनी व एक्जीक्यूटिव (बिजनेस डेव्हलपमेंट), कारपेंटर (केवल पुरूष), फिटर (केवल पुरूष), मेशन (केवल पुरूष), वेल्डर (केवल पुरूष), ग्राईन्डर, स्ट्रक्चरल वेल्डर, स्ट्रक्चरल फिटर, रिगर (केवल पुरूष), इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर, लेबर, स्टोर ऑफिसर, बार बेंडर, गैस कटर, असिस्टेंट ऑपरेटर तथा एवं सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर (केवल पुरूषा) पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को नियोजक द्वारा रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

तुमड़ीबोड़ शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। 26 जून को शा.उ.मा.शाला तुमड़ीबोड़ में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें अतिथि के रूप में अमरोतन साहू ग्राम पटेल, खेलूराम साहू विधायक प्रतिनिधि श्रीमती रेणु शर्मा पंच के.आर.साहू प्रभारी प्राचार्य, डी.आर. कोर्राम व्याख्याता आई.के.साहू व्याख्याता, एस.के. खुसरे व्याख्याता, जी.के. मण्डावी व्याख्याता, श्रीमती, कुंजलीना गजभिये व्याख्याता- श्रीमती कुमकुम झा व्याख्याता श्रीमती शिवानी यादव व्याख्याता, श्रीमती किरण बोरकर व्याख्याता, श्रीमती लता वैष्णव व्याख्याता, श्रीमती नमिता भारती साहू व्याख्याता, श्रीमती बिन्दा टेम्भुरकर व्याख्याता, श्रीमती सीतादेवी साहू व्याख्याता, श्रीमती सुजाता नागदेवे व्याख्याता, एस.एम.टी. भानमती साहू स.शि.वि. राकेश चंद्रवंशी स.शि.वि. एवं हेमलता कन्नौजे सहार ग्रेड-3 श्रीमती सुनीता ओडभरिया व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। तथा लगभग 50-55 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे एवं पालकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अमरोतन साहू एवं खेलू राम साहू, के.आर.साहू प्राचार्य छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आई.के.साहू व्याख्याता द्वारा किया गया।

चहुँमुखी विकास के लिए शिक्षा बड़ा हथियार-गीता घासी साहू

राजनांदगांव(दावा)। स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश/हिंदी मीडियम स्कूल सुकुलदैहान में शाला प्रवेश उत्सव, वृक्षारोपण, साईकिल वितरण का आयोजन धूमधाम से किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला पंचायत सभापति अशोक देवांगन, जनपद सदस्य पुष्पा गायकवाड, सरपंच राम कुमारी देवांगन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पालकगणों ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण कर किया। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए मुंह मीठा कराया एवं निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। शाला प्रांगण में वृक्षारोपण एवं कक्षा नवमी के छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चहुँमुखी विकास के लिए शिक्षा का बड़ा ही महत्व है। प्रदेश स्तर पर जो यह शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, वह अपने आप में अनूठा है, उन्होंने संघर्ष की कहानी दृष्टांत के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने नियमित रूप से विद्यालय आने और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने आगे कहा कि विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखंड बताते हुए इसका सदुपयोग करने को कहा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनोज वाणे पिता स्व. संतोष वाणे, अटल आवास, दिनदयाल नगर, चिखली, राजनांदगांव का रहने वाला हूँ। मैंने अपना नाम विधिवत् परिवर्तित कर मोहम्मद आरिफ खान पिता शहजाद खान रख लिया है।

मुझे अब मोहम्मद आरिफ खान पिता शहजाद खान के नाम से पुकारा जाता है और अब मुझे इस नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

मोहम्मद आरिफ खान
पिता शहजाद खान
चिखली, राजनांदगांव

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती सुषमा वाणे पति मनोज वाणे अटल आवास, दिनदयाल नगर, चिखली, राजनांदगांव का रहने वाली हूँ। मैंने अपना नाम विधिवत् परिवर्तित कर श्रीमती हसीना खान पति मोहम्मद आरिफ खान रख लिया है।

मुझे अब श्रीमती हसीना खान पति मोहम्मद आरिफ खान के नाम से पुकारा जाता है और अब मुझे इस नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

श्रीमती हसीना खान
पति मोहम्मद आरिफ खान
चिखली, राजनांदगांव

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं करण वाणे पिता मनोज वाणे, अटल आवास, दिनदयाल नगर, चिखली, राजनांदगांव का रहने वाला हूँ। मैंने अपना नाम विधिवत् परिवर्तित कर मोहम्मद अरहान खान पिता मोहम्मद आरिफ खान रख लिया है।

मुझे अब मोहम्मद अरहान खान पिता मोहम्मद आरिफ खान के नाम से पुकारा जाता है और अब मुझे इस नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

मोहम्मद अरहान खान
पिता मोहम्मद आरिफ खान
चिखली, राजनांदगांव

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कु. रिया वाणे पिता मनोज वाणे, अटल आवास, दिनदयाल नगर, चिखली, राजनांदगांव का रहने वाली हूँ। मैंने अपना नाम विधिवत् परिवर्तित कर रेहाना खान पिता मोहम्मद आरिफ खान रख लिया है।

मुझे अब रेहाना खान पिता मोहम्मद आरिफ खान के नाम से पुकारा जाता है और अब मुझे इस नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

रेहाना खान
पिता मोहम्मद आरिफ खान
चिखली, राजनांदगांव

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कु. रेशमा वाणे पिता मनोज वाणे, अटल आवास, दिनदयाल नगर, चिखली, राजनांदगांव का रहने वाली हूँ। मैने अपना नाम विधिवत् परिवर्तित कर रेशमा खान पिता मोहम्मद आरिफ खान रख लिया है।

मुझे अब रेशमा खान पिता मोहम्मद आरिफ खान के नाम से पुकारा जाता है और अब मुझे इस नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

रेशमा खान
पिता मोहम्मद आरिफ खान
चिखली, राजनांदगांव

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कु. अनामिका वाणे पिता मनोज वाणे, अटल आवास, दिनदयाल नगर, चिखली, राजनांदगांव का रहने वाली हूँ। मैने अपना नाम विधिवत् परिवर्तित कर निकहत खान पिता मोहम्मद आरिफ खान रख लिया है।

मुझे अब निकहत खान पिता मोहम्मद आरिफ खान के नाम से पुकारा जाता है और अब मुझे इस नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

निकहत खान
पिता मोहम्मद आरिफ खान
चिखली, राजनांदगांव

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-9
130-4 115-7
राजधानी
4-6-8
579-1 300-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक
202406093700021 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शेफाली दोलाई ध.प. हरिसाधन दोलाई, निवासी-दीवानपारा राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला नंदई स्थित शीट क्रमांक 50 डी, भूखण्ड क्रमांक 35/2, क्षेत्रफल 54.20 वर्गमीटर जो धारक नागेन्द्र उपाध्याय आ. ऋषिकेश उपाध्याय, निवासी-सदरबाजार, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 15.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार खैरागढ़ (छ.ग.)

ईश्तहार

20240229020016 A/2 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेलाल छेदैय्या पिता महरू राम छेदैय्या गोड़ निवासी ग्राम बनबोड़ प.ह.नं. 15 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा ग्राम बनबोड़ प.ह.नं. 15 तहसील खैरागढ़ स्थित भूमि ख. नं.- 7/1 एवं 7/2, कुल ख. नं. 02 रकबा क्रमशः 0.841 हे. एवं 0.834 कुल रकबा 1.675 हे. को पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु गैर आदिवासी पुरानिक वर्मा पिता परदेशी वर्मा निवासी ग्राम बनबोड़ तहसील खैरागढ़ के पास विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्यम से इस न्यायालय को जांच कर प्रतिवेदन दिये जाने हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्तानुसार आवेदक/ विक्रेता राधेलाल छेदैय्या पिता महरूराम छेदैय्या गोड़ निवासी बनबोड़ को गैर आदिवासी पुरानिक वर्मा पिता परदेशी वर्मा नि. बनबोड़ को ख. नं. 7/1, 7/2 रकबा क्रमशः 0.841, हे. एवं 0.834 हे. कुल ख. नं. 02 कुल रकबा 1.675 को विक्रय किये जाने में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 8/7/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 18/06/2024
पेशी दिनांक :- 8/ 7/ 2024

नायब तहसीलदार खैरागढ़ (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक
202406093700022 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललित कुमार सिन्हा आ. स्व.शिव प्रसाद सिन्हा एवं अन्य, निवासी-मोतीपुर, वार्ड नं. 06, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला मोतीपुर स्थित शीट क्रमांक 21 ए, भूखण्ड क्रमांक 73, क्षेत्रफल 222.00 वर्गमीटर जो धारकगण रमेश, महेश, ललित, ललीता सभी आ. स्व. शिवप्रसाद कलार, निवासी-मोतीपुर के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत हक त्याग-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 15.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202406092200013

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सनः- 2023-2024
भैंसरा प ह न. 00019[(हे.)],
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार -रमेश कुमार
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश कुमार आ.अंजोरी जाति गोड़ सा. भैंसरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माँ बिसोबाई पति अंजोरी का मृत्यु दिनांक 16.11.2022 को स्थान भैंसरा में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो.7067071895

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04.07.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विद्यादेवी ध.प. स्व.आसनदास परचानी, निवासी-अनुपम नगर राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मोहारा प.ह.नं. 46, तह. राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 241/1 रकबा 0.1220 हे. भूमि के ऑनलाईन अभिलेख में आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारिख 11-7-2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 25/6/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 25/6/2024
सुनवाई दिनांक 11/7/2024

तहसीलदार
राजनांदगांव

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
भीड़भरा शानदार छठवा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइहा भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेंद्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेंद्र चौबे आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th June to 03rd July 2024
Kalki 2898 AD - 10:45am, 11:00am, 02:15, 02:30, 05:30, 05:45, 06:00, 09:00, 09:15 and 09:30 pm
Mor Chhainha Bhuinya 2 (Chhattisgarhi)- 11:30am and 02:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

महंगाई की मार, आसमान छुने लगे सब्जियों के दाम

रायपुर (दावा)। सब्जियों की आसमान छू रही कीमतों ने इन दिनों रोजाना के रसोई का जायका ही बिगाड़ दिया है। टमाटर के साथ ही अब दूसरी सब्जियों की कीमतों में भी आग लग गई है। पंद्रह दिन पहले जो बरबट्टी 40 रुपये किलो में उपलब्ध थी, वह वर्तमान में तीन गुना बढ़ोतरी के साथ 120 रुपये किलो पहुंच गई है। वहीं 75 से 80 रुपये किलो बिकने वाला मुनगा भी इन दिनों 150 रुपये किलो बिक रहा है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि आवक सुधरने पर ही इसकी कीमतों में सुधार होगा, अभी तो बाहरी मार्केट से ही सब्जियां ऊंचे दामों में आ रही है।

गोलबाजार, आमापारा, संतोषीनगर, शास्त्री बाजार, टिकरापारा सहित अन्य बाजारों में टमाटर 70 से 80 रुपये किलो, गोभी 70 से 80 रुपये किलो, बरबट्टी 110-120 रुपये किलो, कुंदरू 50 रुपये किलो, बैगन 60 रुपये किलो, भिंडी 60 रुपये किलो बिक रही है। वहीं मिर्ची 90 रुपये किलो और धनिया भी 140 रुपये किलो बिक रही है।

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि इन दिनों सब्जियों की लोकल आवक पूरी तरह से गायब है और बाहरी आवक ही हो रही है। इसके चलते ही कीमतों में तेजी आ रही है। ऊपरी मार्केट से ही सब्जियों की कीमतों में तेजी है।

प्याज 55 रुपये किलो पहुंचा

प्याज की कीमतों में फिर से बेतहाशा बढ़ोतरी होने लगी है। बुधवार को चिल्हर बाजार में प्याज 50 से 55 रुपये किलो पहुंच गया। हालांकि आलू अभी भी 35 से 40 रुपये किलो बिक रहा है। कीमतें बढ़ने के बाद भी अच्छी क्वालिटी की प्याज नहीं आ रही है।

आवक बढ़ने पर सुधरेंगी कीमतें

थोक सब्जी व्यवसायी संघ अध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, सब्जियों की कीमतों में आवक बढ़ने पर ही सुधार होगा और अभी इसमें करीब दो से तीन सप्ताह लग सकते हैं। 15 जुलाई के बाद सब्जियों की कीमतों में थोड़ा सुधार हो सकता है। टमाटर की आवक अब बैंगलुरू से भी शुरू हो गई है।

रेत मामले में कांग्रेसियों ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

डोंगरगढ़(दावा)। मुड़पार क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण एवं जप्त की गई रेत के उठाव में की गई अनियमितता को लेकर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई थी, इस तारतम्य में बुधवार शाम 4 बजे स्थानीय आजाद चौक गोलबाजार में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ शहर/ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। तथा मुख्यमंत्री का पुतला दहन भी किया गया। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय राज सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, संध्या देशपांडे, हरीश भंडारी, संदीप गहरवाल, इंदर पाल सिंह, बंटी गुप्ता, मनोहर कंडरा, राहुल यादव, नरेश करसे, मनोज साहू सहित आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

चोरी की वारदात में नहीं लग रहा विराम

आए दिन हो रही है चोरिया... लोगों में भय व्याप्त

राजनांदगांव (दावा)। जिले में अंतर्राज्जीय चोर गिरोह पकड़ने के बाद भी शहर से लेकर गांव-देहातों में चोरी की वारदाते थम नहीं रही है। गत दिनों जीई रोड में एक स्ट्रीट फैक्ट्री दूकान में अज्ञात चोरों ने शटर का लीवर काटकर दुकान के गल्ले में रखे 60 हजार रूपए की राशि चोरी की।

इधर डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम आरी में एक इलेक्ट्रीक दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरोने दुकान में रखे 30 नग सिलिंग फेन, 3 होम थियेटर, 2 स्पीकर बाक्स, 4 एम्प्लीफायर, 20 नग डीटीएच केबल, 2 नग टीवी, 9 किसान टार्च सहित बड़ी तादाद में इलेक्ट्रीक सामानों व वायर आदि की चोरी कर चोर फरार हो गए है। पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

इसी तरह नए खुले पुलिस चौकी सुकुलदैहान के ग्राम डीलापाहरी में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामानों की चोरी कर ली है। प्रार्थी गोविन्द वर्मा के शिकायत दर्ज कराए जाने पर पुलिस जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर उसके घर में घुस कर आलमारी में रखे सोने का एक नग मंगलसूत्र, एक नग नेकलेस, सोने का लाकेट व 2 नग सोने का फुल्ली, सोने का धनिया पत्ती, 14 नग तथा सोने के कान का रिंग, 2 नग और एक नग चांदी का करधन, चांदी का एक नग चैन, तीन नग चांदी के पायल और एक नग अंगूठी सहित नगदी एक हजार रूपए चोरी कर ली गई है। चोरी गए कुल सोने-चांदी के सामानों सहित नगदी रकम मिलाकर चोरी के 81 हजार 600 रूपए की चोरी कर फरार हो गए है। पुलिस चोरों के तलाश में जुटी हुई है।

बसंतपुर पुलिस ने सट्टापट्टी लिखने वाले के खिलाफ की कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध रुप से सट्टा पट्टी लिखने वाले व जुंआ खिलने- खिलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि आरोपी बलराम साहू पिता ननकूराम साहू उम्र 42 वर्ष साकिन तेलीपारा वार्ड नं 46 बसंतपुर के पास से नगदी रकम 1250 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी, 01 नग डाट पेन को जप्त किया गया हैं। आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया।

रेल कर्मचारियों में बेहतर सजगता एवं संरक्षित कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने संरक्षा संगोष्ठी संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती नामित त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी किरण गजभिये के निर्देशन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में बेहतर सजगता एवं संरक्षा के साथ कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 जून को आई.के. लोहिया दूसहाण् मंडल संरक्षा अधिकारी की अगुवाई में खात स्टेशन पर संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक गार्ड, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन, सहित विभिन्न विभागों के लगभग 62 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

संगोष्ठी में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन एवं टूल वैन उपकरणों का अनुरक्षण, रिले रूम में असुरक्षित व्यवहार, गेट एवं स्टेशन पर सिगनलिंग गियर का अनुरक्षण ध्यालन, साइडिंग में सड़क वाहन की अनाधिकृत गतिविधियों को रोकना, तोड-फोड़ एवं घुसपैठ करने पर उचित निर्णय लेना जैसे अनेक गहन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। संगोष्ठी में कर्मचारियों को संरक्षा नियमों से अद्यतन रहते हुए अपने कार्यों का निष्पादन करने के लिए प्रेरित किया गया।

आयुक्त गुप्ता ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

पानी भरान क्षेत्र के नाला नाली की समुचित सफाई करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। शासन की मंशानुरूप शहर की ड्रेन व्यवस्था सुचारू रूप से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़ो एवं प्रमुख नालों एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गयी है और वर्तमान में दुसरे चरण की सफाई जारी है। नाला सफाई कार्य जायजा के तहत आज सुबह आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अनुपंम नगर में भ्रमण कर चल रहे नाला सफाई कार्य का जायजा लिया और पानी भरान क्षेत्रों में साफ-सफाई कर पानी निस्तारी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये, ताकि बारिश का पानी वार्डो में न भरे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने अनुपम नगर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर बारिश में सफाई कार्य दुरूस्त करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि पूर्व में शहर के प्रमुख नालाओं की सफाई की गयी और वर्तमान में भी नाली नालों की सफाई की जा रही है किन्तु बारिश प्रारंभ हो गयी है, जिसे ध्यान में रखते हुये निगम सीमाक्षेत्र के सम्पूर्ण नाला एवं नालियों की सफाई किया जाये, ताकि पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि गढ्डों में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी का साधन बनाया जाये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान कहा कि स्वास्थ्य अमला अपने अपने क्षेत्र में प्रतिदिन उपस्थित रहकर निर्धारित समय तक सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिये सफाई अभियान सम्पादित करे तथा जल शुद्धिकरण के अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत तालाबों में डब्ला चूना व ब्लीचिंग पाउडर डालकर जलशुद्धिकरण कराया जाये। साथ ही फल सब्जी विक्रताओं एवं होटलों का निरीक्षण कर पर्याप्त साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने एवं ताजा खाद्य पदार्थ बिक्री करने हेतु संबंधित व्यवसायियों को समझाईस देवे।

जैन श्री संघ में हुई गुणानुवाद सभा एवं देववंदन

राजनांदगांव (दावा)। परम पूज्या प्रवर्तिनी साध्वी शशिप्रभा महाराज साहब का आकस्मिक देवलोकगमन कोलाघाट (पश्चिम बंगाल) के पास विहार के दरमियान सड़क दुर्घटना में आज प्रातः 5.30 बजे हुआ।राजनांदगाँव में गुणानुवाद सभा के प्रथम सत्र में श्रावक-श्राविकाओं द्वारा सामूहिक देव वंदन किया गया। तत्पश्चात् संघ के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग ट्रस्टी मनोज बैद द्वारा गुरुचरणों में श्रद्धांजलि के भाव अर्पित किये। श्राविका वर्ग से श्रीमती शांता कोटड़िया ने भी गुरुचरणों में अपनों भावों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संघ के ट्रस्टीगण नरेश गोलछा, ज्ञानचंद कोठारी, श्रीचंद कोचर, सचिव दिनेश लोढ़ा, सदस्यगण ललित गोलछा, निर्मल बैद आदि बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति थी, कार्यक्रम का सफल संचालन रितेश लोढ़ा ने किया।

छत्तीसगढ़ में जीएसटी अपीलीय प्राधिकरण खुलने का रास्ता हुआ साफ, आठ सदस्यीय अधिकारियों की हुई नियुक्ति

रायपुर(दावा)। आने वाले दिनों में जीएसटी से संबंधित विवादों के निपटारे के लिए जीएसटी करदाताओं को हाईकोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में भी जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटी ट्रिब्यूनल) खुलने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय जीएसटी द्वारा रायपुर में अपीलीय प्राधिकरण के लिए आठ अधिकारियों की नियुक्ति की गई। नियुक्त किए गए अधिकारियों में एम राजीव, संतोष के सिंह, मनोज मैथ्यू, बीबी साहू, जयशंकर भगत, सुमित सिंह, बिमन राय और अरुण कुमार गजबे है।

जानकारी के अनुसार अब जल्द ही जीएसटी में अपीलीय प्राधिकरण भी खुल जाएगा और इसका आदेश भी जल्द जारी होने की संभावना है। अपीलीय प्राधिकरण बन जाने के बाद छोटे-छोटे करदाताओं को न्याय के लिए हाईकोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। उनके मामलों की सुनवाई अपीलीय प्राधिकरण में ही होगी।

मालूम हो कि काफी दिनों से व्यापारिक संगठनों द्वारा रायपुर में भी जीएसटी अपीलीय प्राधिकरण खोले जाने की मांग की जा रही थी। आने वाले दिनों में प्राधिकरण खुलता है तो सभी जीएसटी करदाताओं को इसका फायदा होगा।

जानकारी के अनुसार अब जल्द ही जीएसटी में अपीलीय प्राधिकरण भी खुल जाएगा और इसका आदेश भी जल्द जारी होने की संभावना है। अपीलीय प्राधिकरण बन जाने के बाद छोटे-छोटे करदाताओं को न्याय के लिए हाईकोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। उनके मामलों की सुनवाई अपीलीय प्राधिकरण में ही होगी।

मालूम हो कि काफी दिनों से व्यापारिक संगठनों द्वारा रायपुर में भी जीएसटी अपीलीय प्राधिकरण खोले जाने की मांग की जा रही थी। आने वाले दिनों में प्राधिकरण खुलता है तो सभी जीएसटी करदाताओं को इसका फायदा होगा।

क्या होता है अपीलीय प्राधिकरण

जीएसटीएटी केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम के तहत एक स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है। जो प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध उक्त अधिनियम और संबंधित राज्य केंद्र शासित प्रदेश जीएसटी अधिनियमों के तहत विभिन्न मामलों की सुनवाई करता है। इसमें एक प्रधान पीठ और विभिन्न राज्य पीठ शामिल रहते है। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि जीएसटी के तहत उत्पन्न होने वाले विवादों के निपटारे में एकरूपता हो। साथ ही पूरे देश में जीएसटी के कार्यान्वयन में एकरूपता हो

सड़क निर्माण में छत्तीसगढ़ की इन कंपनियों ने की थी गुणवत्ताहीन उत्पादों की सप्लाई, एनएचएआई ने थमाया नोटिस

रायपुर। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने छत्तीसगढ़ की चार स्टील कंपनियों को नोटिस थमाया है। वजह यह है कि सड़क निर्माण के अलग-अलग प्रोजेक्ट में इन कंपनियों ने गुणवत्ताहीन उत्पादों की सप्लाई की है।

एनएचएआई ने जब एक्रीडिटेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) लैब से स्टील उत्पादों की टेस्टिंग कराई तो उत्पाद टेस्ट में खरे नहीं उतरे। इस रिपोर्ट के आधार पर एनएचएआइ ने कंपनियों को नोटिस जारी किया है। देशभर में ऐसी 11 कंपनियों को नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। नोटिस में प्राधिकरण ने साफ लिखा है कि गुणवत्ताहीन उत्पाद सप्लाई करने पर क?यों न आपके फर्म की सप्लाई के अनुबंध को समाप्त कर दिया जाए। अन्य कंपनियों में आंध्रप्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल की कंपनियां शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर एनएचआइ द्वारा जारी टेंडर में इन कंपनियों ने हिस्सा लिया था, जिसके बाद उन्हें वर्क आर्डर जारी किया गया था। कंपनियों को एनएचएआई के नईदिल्ली स्थित मुख्यालय से 19 जून को नोटिस जारी किया गया है।

यह कार्य मिला है

छत्तीसगढ़ की कंपनियों को महाराष्ट्र में सिक्स लेन रोड एनएच-53 के काम में टीएमटी सप्लाई का कार्य मिला है।

यहां कंपनी को वेनगंगा ब्रिज व भंडारा बाइपास में स्टील उत्पादों के लिए अनुबंध हुआ है। एक अन्य कंपनी को मध्यप्रदेश के भोपाल-सागर के बीच एनएच-146 में टीएमटी सप्लाई करने के लिए, वहीं तमिलनाडु के एनएच-45 के निर्माण के लिए टीएमटी बार सप्लाई व रायगढ़ की एक कंपनी को कर्नाटक में एनएच-169 के तहत भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए टीएमटी सप्लाई का कार्य मिला था।

गुणवत्ता सुधारने के बाद ही मिलेगा काम

एनएचएआइ के अधिकारियों के मुताबिक नोटिस के बाद कंपनी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना होगा। इस पर एनएचएआइ निर्णय देगा। दोबारा गुणवत्ता की जांच करने फिर से एनएबीएल लैब में स्टील उत्पादों का परीक्षण होगा। इस परीक्षण में सफल होने के बाद ही कंपनियों को अनुबंध के आधार पर काम मिल पाएगा। दूसरे टेस्ट के पहले कंपनियों को स्टील उत्पादों की गुणवत्ता सुधारना ही होगा। रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय एनएचएआइ प्रोजेक्ट मैनेजर सुब्रत नाग ने कहा, नोटिस नईदिल्ली मुख्यालय से जारी हुआ है। नोटिस के मुताबिक 15 दिन के भीतर कंपनियों को जवाब प्रस्तुत करना है।

कमला कॉलेज में नशा मुक्ति जन-जागरुकता कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अतीव महत्तम अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख निर्देशन में नशा मुक्ति केन्द्रित चित्रकला (पोस्टर प्रतियोगिता) एवं नारे-संदेश (स्लोगन वाचन) कार्यक्रम आयोजित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा के संयोजन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागी छात्राओं में सर्वप्रमुख रूप से सुश्री हिमानी साहू.प्रथम, गोपेश्वरी साहू द्वितीय, प्राची वर्मा एवं वंदना मंडावी तृतीय एवं डाली कोमा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी विभागाध्यक्ष (भूगोल) द्वारा नशा मुक्ति नारे-संदेश का स्वयंसेवी छात्राओं से वाचन करवाकर आव्हान किया कि युवा-किशोर पीढ़ी का एक साथ तन-मन-धन का सर्वनाश करने वाले नशे से हमेशा मुक्त रहे तथा स्वस्थ्य रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्तम भूमिका अदा करें। उल्लेखनीय रूप से इस समाजिक जन-जागरूकता के कार्यक्रम में छोड़ो छोड़ो नशे को छोड़ो क्यों होते हो बदनाम बंद करो नशे का पान, नशा करता है खराब मिलकर करो इसका बहिष्कार जैसे नारे-संदेश स्लोगन का उद्घोष किया गया।

जनता के मुद्दों का अभिभाषण में जिक्र नहीं : खडगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण में देश की जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है और जनहित के मुद्दों का कहीं जिक्र नहीं हुआ है, तथा उन पर पूरी तरह से पर्दा डालने का काम हुआ है।

श्री खडगे ने श्रीमती मुर्मु के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार ने जनहित के मुद्दों को पूरी तरह से नकारा है और महंगाई, बेरोजगारी, एमएसपी, मणिपुर की हिंसा, रेल दुर्घटनाओं जैसे मुद्दों को कहीं तरजीह नहीं दी गई है। उन्होंने कहा ÷मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति का अभिभाषण सुनकर ऐसा लगा जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जनादेश को नकारने की हर संभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके ख़िलाफ़ था क्योंकि देश की जनता ने '400 पार' के उनके नारे को ठुकराया और भाजपा को 272 के आँकड़े से दूर रखा। मोदी जी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। ऐसा बरताव कर रहें हैं जैसे कुछ बदला ही नहीं बल्कि सच्चाई है कि देश की जनता ने बदलाव माँगा था।

श्री खडगे ने कहा मैं राज्यसभा में अपने भाषण में विस्तृत प्रतिक्रिया दूँगा, पर प्रथमदृष्ट्या मैं कुछ बातें कहना चाहता हूँ। नीट परीक्षा घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी। पिछले पांच वर्षों में एनटीए द्वारा कराए गए 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धाँधली हुई है जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं। मोदी सरकार केवल यह कहकर कि 'दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए'- अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती। युवा न्याय मांग रहा है। मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री को इसकी ज़िम्मेदारी लेनी होगी। देश का हर दूसरा युवा बेरोज़गार है, और भाषण में बेरोज़गारी दूर करने की कोई ठोस नीति सामने नहीं आई है। सिर्फ़ बातें करने से समस्या का हल नहीं निकलता इसके लिए निर्णायक कदम उठाने होते हैं।

उन्होंने कहा पूरे भाषण में देश के समक्ष पांच मुख्य मुद्दों का एक बार भी ज़क्रि नहीं है। कमरतोड़ महँगाई के कारण रोज़मर्रा की खान-पान की चीजों के दाम दिन-दोगुनी, रात-चौगनी बढ़ गए हैं। चार महीनों से खाद्य महंगाई 8.5 प्रतिशत से अधिक रही है। आटे, दाल, टमाटर, प्याज, दूध - सबके दाम आसमान पर हैं। देश में परिवारों की बचत 50 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है। पर पूरे अभिभाषण से 'महँगाई' शब्द गायब है। मणिपुर में हिंसा 13 महीने से लगातार चल रही है। मणिपुर हिंसा में 221 लोगों की जान गई है और अब भी 50,000 लोग बेघर हैं। हिंसा की आग अब जिरीबाम जैसे शांतिपूर्ण जिलों तक फैल गई है जबकि इम्फाल घाटी और अन्य क्षेत्रों में जबरन वसूली और अपहरण में वृद्धि देखी गई है। पर भाजपा के मुख्यमंत्री अब भी सत्ता पर काबिज़ हैं। शांति की कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

रेल दुर्घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा 'भीषण रेल दुर्घटना और ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा का राष्ट्रपति के भाषण में जिक्र नहीं है। पश्चिम बंगाल में हुई रेल दुर्घटना का कोई ज़क्रि नहीं किया गया। बालेश्वर रेल त्रासदी से भी सरकार ने सबक नहीं किया। बहुप्रचारित 'कवच' सुरक्षा अभी केवल दो प्रतिशत पटरियों पर लगी है जबकि एनसीआरबी के मुताबिक 2017 और 2021 के बीच ट्रेन हादसों से संबंधित 1,00,000 से अधिक मौतें हुईं।' कश्मीर के हालात को लेकर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमले हो रहे हैं और मोदी सरकार ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। पिछले 10 वर्षों में जम्मू कश्मीर में 2,262 आतंकी हमले हुए हैं जिनमें 363 नागरिक मारे गए और 596 जवान शहीद हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीरी पंडितों पर आये दिन हमले हुए हैं, पर प्रधानमंत्री 'नया कश्मीर' का झूठा राग अलाप रहें हैं।

राजभवन में बैठा है शरारती शख्स, लड़कियां वहां जाने से भी डरती हैं; ममता के राज्यपाल पर बिगड़े बोल

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन के शपथ ग्रहण में देरी से आने और इसपर जारी गतिरोध को लेकर गुरुवार को राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय नवान्न में पत्रकारों से बात करते हुए राज्यपाल का नाम लिए बिना यहां तक कहा कि राजभवन में कैसा शरारती शख्स बैठा है, जिससे लड़कियां वहां जाने से डरती हैं।

ममता ने कहा कि दोनों विधायकों को जनता ने चुना है। राज्यपाल को उन्हें शपथ लेने से रोकने का क्या अधिकार है? लगभग एक महीने से इस मुद्दे पर अनिश्चितता बनी हुई है। उन्होंने सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन की मांग का समर्थन किया कि या तो राज्यपाल शपथ दिलाने के लिए विधानसभा आएं या फिर ऐसा करने के लिए अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को नामित करें। इस बीच विधानसभा में शपथ दिलाने की मांग पर दोनों विधायकों ने गुरुवार को दूसरे दिन विधानसभा परिसर में धरना दिया। ममता ने कहा कि विधायक राजभवन क्यों जाएंगे? वैसे भी, पिछले दिनों राजभवन में जो कुछ हुआ, उसके बाद महिलाएं वहां जाने से डर रही हैं। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी हाल में राजभवन की एक अस्थाई महिला कर्मचारी द्वारा राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के संबंध में थी। महिला के आरोप के बाद ममता ने चुनावी सभाओं में सार्वजनिक रूप से कहा था कि उन्हें भी अब राजभवन जाने से डर लगता है। वह राज्यपाल के बुलाने पर भी राजभवन नहीं जाएंगी। जरूरी हुआ तो वह सड़क पर राज्यपाल से बात कर लेंगी, लेकिन बोस के रहते राजभवन नहीं जाएंगी।

अनमोल दावा

> *किसी दूसरे के जीवन के साथ पूर्ण रूप से जीने से, अच्छा है कि हम अपने स्वयं के भाग्य के अनुसार अपूर्ण जिए।*

सम्पादकीय

वह "पप्पू" नहीं, परिपक्क नेता है, यह राहुल गांधी ने साबित कर दिया

पिछले दो लोकसभा में याने पिछले 10 साल में कांग्रेस जितनी पीछे थी उतनी ही अब 18वीं लोकसभा में वह सम्मानजनक सीटें हासिल करने में कामयाब हुई है। पिछले दो लोकसभाओं में कांग्रेस को प्रतिपक्ष का पद नसीब नहीं हुआ था। किन्तु, इस मर्तबे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद में प्रतिपक्ष के नेता बनने में कामयाब हुवे हैं। कहा भी जाता है कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में राजनीति में चमत्कार की संभावनाएं अधिक होती हैं। कब किसका सितारा बुलंदी पर पहुंच जाए और कब किसका गर्दिश में चला जाए? कुछ कहा नहीं जा सकता। इसका सारा दारोमदार जनता के मुड व विचारों पर निर्भर करता है। पूर्व में अटल बिहारी नेतृत्व की सरकार में 'शाइनिंग इंडिया' का नारा फेल्योर साबित हुआ था, वैसे ही इस मर्तबे 2024 के चुनाव में '400 पार करने' का नारा खोखला साबित हुआ है।

जनता राजनीतिक दलों को एक टर्म या दो टर्म शासन करने का अवसर प्रदान करती है। किन्तु, जब शासक पार्टी जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरती तो परिवर्तन करने में भी विलम्ब नहीं करती। 2024 का जनादेश सभी के लिए नसीहत लेने जैसा है। जनता ने कांग्रेस को पुनर्जीवित किया है। इस कारण, कांग्रेस का सितारा चमकता दिखाई दे रहा है। पिछली मर्तबे कांग्रेस के 44 सांसद ही जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। परन्तु, इस मर्तबे वह आंकड़ा 99 तक जा पहुंचा। कांग्रेस को ऊपर लाने में राहुल गांधी की कड़ी मेहनत व परिपक्वता की महती भूमिका है। राहुल प्रतिपक्ष के नेता बने हैं और इस कारण उनके पास संवैधानिक शक्तियां भी हैं। वे सरकार के लेखाजोखा पर भी निरीक्षण दृष्टि डाल सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष ही संसद में उनकी बैठक होगी। गांधी परिवार से प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले राहुल गांधी तीसरे सदस्य हैं। सर्वप्रथम उनके पिता स्व. राजीव गांधी व माता सोनिया गांधी भी प्रतिपक्ष की नेता थी। प्रधानमंत्री हों या प्रतिपक्ष के नेता, देश की जनता को उनसे काफी अपेक्षाएं व उम्मीदें रहती हैं। जितना सत्ता पक्ष के नेता का महत्व है, उतना ही विपक्ष के नेता का पद भी महत्वपूर्ण होता है। प्रतिपक्ष के नेता को भी प्रधानमंत्री के समान एक तिहाई सत्ता का अधिकार मिलता है। एक केन्द्रीय मंत्री से भी अधिक सत्ता उनके पास रहती है। वेतन भी तीन लाख से ऊपर होता है। इसके अलावा, ईडी डायरेक्टर, सी.बी.आई. चीफ और सीबीसी जैसे वरिष्ठ पदों की नियुक्ति में उनकी सहमति शामिल होती है। नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री को विपक्ष के नेता का अभिप्राय जानना अनिवार्य होता है। विपक्ष का नेता रेकार्ड कमेटी का भी नेतृत्व करता है। जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्च पर नजर रखता है।

इस कारण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने तीसरे कार्यकाल में जो कुछ भी बड़ा निर्णय लेना होगा अथवा संवैधानिक नियुक्ति करनी होगी, उसमें विपक्ष की भूमिका की काफी अहमियत रहेगी। उल्लेखनीय कि, चुनाव प्रचार के दौरान मोदी जी ने पूछा था- कौन है राहुल? अब वे ही राहुल उनके सामने होंगे। राहुल को भी प्रतिपक्ष के नेता के रूप में गंभीरता के साथ जनहित के मद्देनजर परिपक्वता रख एक-एक शब्द तोलमोल कर बोलना होगा। कांग्रेस में भी वे अब एक चमत्कारिक छवि रखते हैं ऐसी छाप दिखानी होगी।

72 घंटे बाद पुलिस, जांच व न्यायिक व्यवस्था का बदलेगा चेहरा, ऐसा होगा नए कानूनों का असर

तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, एक जुलाई 2024 से लागू होंगे। इन विधेयकों को वर्ष 2023 में संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किया गया था। तीन नए कानूनों को लेकर लोगों के जेहन में कई तरह के सवाल हैं। महज चार दिन बाद पुलिस, जांच और न्यायिक व्यवस्था का चेहरा बदल जाएगा। कई तरह के मामलों में इन कानूनों का व्यापक असर पड़ेगा। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है। सूचना दर्ज होने के दो महीने के भीतर जांच पूरी होगी। अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से समन की तामील की जा सकेगी। इससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। कागजी कार्रवाई कम होगी और सभी संबंधित पक्षों के बीच समुचित संवाद सुनिश्चित होगा। 19 फरवरी 2024 को ई-संपर्क के माध्यम से 7 करोड़ से अधिक नागरिकों को जागरूक करने के लिए एक ई-मेल भेजा गया है।

केंद्र सरकार के सूत्रों के मुताबिक, तीनों कानूनों के प्रावधानों के लागू होने की तिथि एक जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। गृह मंत्रालय ने 25 दिसंबर, 2023 को तीनों नए आपराधिक कानूनों की अधिसूचना के तुरंत बाद पुलिस कर्मियों, जेल कर्मियों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फॉरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी पक्षों के बीच विभिन्न पहल शुरू की है। इसका मकसद, तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाना और इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। चूंकि नए आपराधिक कानूनों में जांच, ट्रायल और अदालती कार्यवाहियों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, इसलिए राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो ने मौजूदा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क्स एंड सिस्टम्स एप्लिकेशन में 23 फंक्शनल सुधार किए हैं। एनसीआरबी ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की निरंतर समीक्षा और सहायता के लिए 36 सपोर्ट टीमें और कॉल सेंटर बनाए हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराध स्थलों, न्यायिक सुनवाइयों और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की तामील की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की सुविधा के लिए ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन एप विकसित किए हैं। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर सभी हितधारकों के साथ साझा किए हैं। बीपीआरएंडडी ने 250 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/ वेबिनार/ सेमिनार भी आयोजित किए हैं। इनमें 40,317 अधिकारियों/ कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। ब्यूरो के मार्गदर्शन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने 5,84,174 कर्मियों की क्षमता निर्माण का काम भी किया, जिनमें जेल, फॉरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन पक्ष के 5,65,746 पुलिस अधिकारी और कर्मी शामिल हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश के नागरिक परिवर्तनकारी सुधारों के बारे में जागरूक हों और विशेषकर महिलाओं और बच्चों पर इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा हो, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय ने वेबिनारों के माध्यम से नए कानूनों का प्रचार-प्रसार किया, जिनमें लगभग 40 लाख जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

विधिक मामलों के विभाग ने राज्यों की राजधानियों में चार सम्मेलन भी आयोजित किए, जिनमें भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों और विधि विशेषज्ञों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उच्चतर शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नए कानूनों के बारे में शिक्षकों और छात्रों को विषय से अवगत कराने के लिए 1,200 विश्वविद्यालयों और 40,000 कॉलेजों और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने लगभग 9,000 संस्थानों को नए कानूनों के बारे में सूचनात्मक फ़्लायर्स प्रसारित किए।

ये हैं तीन कानूनों के प्रमुख बिंदु

(1) ऑनलाइन घटनाओं की रिपोर्ट करना- अब कोई व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है, इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। इससे रिपोर्टिंग आसान और त्वरित होगी, जिससे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई सुगम होगी। (बीएनएस की धारा 173)

(2) किसी भी पुलिस स्टेशन पर एफआईआर दर्ज करना : जीरो एफआईआर शुरू होने से, कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस स्टेशन पर प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, चाहे उसका क्षेत्राधिकार कुछ भी हो। इससे कानूनी कार्यवाहियां शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और अपराध की तुरंत रिपोर्ट करना सुनिश्चित होगा। (बीएनएस की धारा 173)

(3) एफआईआर की निःशुल्क प्रति : पीड़ितों को एफआईआर की निःशुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। (बीएनएस की धारा 173)

(4) गिरफ़्तारी होने पर सूचना देने का अधिकार- गिरफ़्तारी की स्थिति में, व्यक्ति को उनकी इच्छा के व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार है। इससे गिरफ़्तार व्यक्ति को तत्काल सहायता और सहयोग सुनिश्चित होगा। (बीएनएस की धारा 36)

(5) गिरफ्तारी की जानकारी प्रदर्शित करना- गिरफ्तारी का विवरण अब पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्रों को महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से मिल सकेगी। (बीएनएस की धारा 37)

(6) फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी- मामले और जांच को मजबूत करने के लिए, फॉरेंसिक विशेषज्ञों का गंभीर अपराधों के लिए अपराध स्थलों का दौरा करना और साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य हो गया है। इसके अतिरिक्त, साक्ष्यों से छेड़छाड़ को रोकने के लिए अपराध स्थल पर साक्ष्य संग्रह की प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी की जाएगी। इस द्विआयामी नीति से जांच की गुणवत्ता और विश्वसनीयता काफी बढ़ जाएगी और निष्पक्ष रूप से न्याय दिलाने में योगदान मिलेगा। (बीएनएस की धारा 176)

(7) त्वरित जांच- नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है, ताकि सूचना दर्ज होने के दो महीने के भीतर जांच पूरी हो सके।(बीएनएस की धारा 193)

(8) पीड़ितों को मामले की प्रगति का अपडेट देना: पीड़ितों को 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार है। इस प्रावधान से पीड़ितों को सूचित रखा जा सकेगा और वे कानूनी प्रक्रिया में शामिल रहेंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विश्वास बढ़ेगा।

(9) पीड़ितों के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार- नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। यह प्रावधान चुनौतीपूर्ण समय में पीड़ितों की कुशलता और स्वास्थ्य लाभ को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक चिकित्सा देखभाल तक तत्काल पहुंच सुनिश्चित करता है। (बीएनएस की धारा 397)

(10) इलेक्ट्रॉनिक समन-अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से समन की तामील की जा सकती है, जिससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी, कागजी कार्रवाई कम होगी और सभी संबंधित पक्षों के बीच समुचित संवाद सुनिश्चित होगा। (बीएनएस की धारा 64, 70, 71)

(11) महिला मजिस्ट्रेट द्वारा बयान- महिलाओं के विरुद्ध कुछ अपराधों में पीड़िता के बयान, जहां तक संभव हो, महिला मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए जाने चाहिए और अगर महिला मजिस्ट्रेट अनुपस्थित हों, तो महिला की उपस्थिति में पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए जाने चाहिए, ताकि संवेदनशीलता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके तथा पीड़ितों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा सके। (बीएनएस की धारा 183)

(12) पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना- आरोपी और पीड़ित दोनों को 14 दिनों के भीतर एफआईआर, पुलिस रिपोर्ट/चार्जशीट, बयान, स्वीकारोक्ति और अन्य दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने का अधिकार है। (बीएनएस की धारा 230)

(13) सीमित स्थगन: मामले की सुनवाई में अनावश्यक देरी से बचने के लिए न्यायालय अधिकतम दो स्थगन प्रदान कर सकते हैं, जिससे समय पर न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। (बीएनएस की धारा 346)

(14) गवाह सुरक्षा योजना: नए कानूनों में सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएस की धारा 398)

(15) जेंडर समावेश: 'जेंडर' की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल हैं, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। (बीएनएस की धारा 2(10)

(16) सभी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में होना: नए कानूनों में सभी कानूनी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचालित करके, पीड़ितों, गवाहों और अभियुक्तों को सुविधा प्रदान की गई है, जिससे पूरी कानूनी प्रक्रिया सुव्यवस्थित और त्वरित होगी। (बीएनएस की धारा 530)

(17) बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग: पीड़िता को अधिक सुरक्षा प्रदान करने तथा बलात्कार के अपराध से संबंधित जांच में पारदर्शिता लाने के लिए पुलिस पीड़िता का बयान ऑडियो-वीडियो माध्यम से रिकॉर्ड करेगी। (बीएनएस की धारा 176)

(18) पुलिस स्टेशन जाने से छूट : महिलाओं, 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएस की धारा 179)

(19)महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध : महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और उनके लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। (बीएनएस का अध्याय)

(20) जेंडर-न्यूट्रल अपराध : महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध विभिन्न अपराधों को बीएनएस में जेंडर-न्यूट्रल बना दिया गया है, जिसमें जेंडर का ध्यान रखे बिना सभी पीड़ितों और अपराधियों को शामिल किया गया है।

(21) सामुदायिक सेवा : नए कानून में छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा की शुरुआत की गई है, जिससे व्यक्ति के व्यक्तिगत विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा मिलता है। सामुदायिक सेवा के तहत, अपराधियों को समाज में सकारात्मक योगदान देने, अपनी गलतियों से सीखने और मजबूत सामुदायिक बंधन बनाने का मौका मिलता है। (बीएनएस की धारा 4, 202, 209, 226, 303, 355, 356)

(22) अपराधों के लिए जुर्माना अपराध की गंभीरता के अनुरूप : नए कानूनों के तहत कुछ अपराधों के लिए लगाए गए जुर्माने को अपराध की गंभीरता के अनुरूप बनाया गया है, ताकि निष्पक्ष और आनुपातिक दंड सुनिश्चित हो सके, भविष्य में अपराध करने से रोका जा सके तथा कानूनी प्रणाली में जनता का विश्वास बना रहे।

(23) सरलीकृत कानूनी प्रक्रियाएं : कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है ताकि उन्हें समझना और उनका पालन करना आसान हो सके, निष्पक्ष और सुलभ न्याय सुनिश्चित हो सके।

(24) तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान : नए कानूनों में मामलों के निश्चित रूप से तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान की व्यवस्था है, जिससे कानूनी प्रणाली में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

इतने सांसदों ने भाग लिया था

संसद की स्थायी समिति ने विधेयकों के विभिन्न प्रावधानों पर व्यापक विचार-विमर्श किया है। समिति ने विषय विशेषज्ञों, उच्च न्यायालयों, अनुसंधान केंद्रों, शिक्षाविदों, वकीलों, सिविल सोसाइटी, विधि विश्वविद्यालयों आदि के सुझाव प्राप्त किए और उन पर विचार किया है। इसने विभिन्न राज्य सरकारों/ केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों, संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों और अन्य निजी व्यक्तियों/संगठनों के विचार भी प्राप्त किए। इन विधेयकों के परीक्षण के दौरान समिति ने 12 बैठकें कीं हैं। समिति ने 10 नवंबर 2023 को तीनों विधेयकों पर अपनी सिफारिशें दी। समिति की अधिकांश सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गईं। वर्ष 2023 में संसद द्वारा अपने शीतकालीन सत्र में विधेयकों पर विचार किया गया। विधेयकों पर चर्चा में लोकसभा से कुल 37 सांसदों और राज्यसभा से 40 सांसदों ने भाग लिया। संसद द्वारा पारित किए जाने के बाद इन विधेयकों को भारत की राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया गया और 25 दिसंबर 2023 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया। केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2024 को इन तीनों कानूनों के प्रावधान लागू होने की तिथि निर्धारित की है।

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 189 ग्रहण लगे हुए चंद्र की भांति कोप भवन में रानी कैकेई का मुख

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

कक्ष में रानी कैकेई नहीं हैं। राजा आश्चर्य से भर उठे। आज इस कक्ष की साज सज्जा में वह रौनक नहीं है। पूर्व में जब भी महाराज दशरथ इस कक्ष में आया करते थे, रानी कैकेई अपनी मुस्कुराहट के साथ उनका स्वागत करती थीं। महाराज जब राजकाज से थक जाते थे, और किसी उद्विग्नता का अनुभव करते थे, तो वे महारानी कैकेई के पास परामर्श के लिए आया करते थे। चतुर रानी न सिर्फ राज कार्य की गूढ़ नीतिगत बातों पर सटीक राय दिया करती थीं, बल्कि सैन्य विषयों पर भी अचूक परामर्श देती थीं। रूप और सौंदर्य की स्वामिनी रानी कैकई के पास पहुंचकर महाराज को वैसे भी अत्यंत शीतलता और सुख का अनुभव होता था।राजा सोच में पड़ गए।आखिर कहां गई होगी रानी कैकेई?

उधर रानी कैकेई ने मंथरा की बात का अनुसरण करते हुए कोप भवन में पहुंचकर अपने रेशमी वस्त्रों के स्थान पर काले वस्त्र धारण कर लिए थे। उन्होंने अपनी बहुमूल्य मोतियों की माला,स्वर्ण-कर्णफूल समेत अन्य आभूषण भी उतारकर रख दिए थे। रानी कैकेई का उज्ज्वल चंद्र मुख उनके केश खुले और बिखरे होने के कारण ग्रहणकाल का चंद्र दिखाई दे रहा है। रानी जमीन पर लेटी हुई हैं और अत्यंत क्रोध तथा शोक में दिखाई दे रही हैं।

मंथरा ने कहा, 'अपना यही रूप बनाए रखना रानी, जब राजा आकर तुमसे मनुहार करें। वे तुम्हें प्रलोभन देंगे।कई तरह की सुख सुविधाओं का आश्वासन देंगे, लेकिन तुम अपने दोनों वरदानों पर दृढ़ रहना।'

कैकेई ने कोई उत्तर नहीं दिया। मंथरा ने उन्हें प्रणाम कर कक्ष से बाहर प्रस्थान किया।

राजा दशरथ भवन में कैकेई को न पाकर कक्ष से बाहर निकले और कड़कती आवाज में प्रतिहारी से पूछा।

'प्रतिहारी! कहां हैं रानी जी?'

प्रतिहारी ने डरते हुए कहा, 'क्षमा चाहती हूं महाराज! रानी जी विशेष भवन में हैं।'

'विशेष कक्ष अर्थात कोप भवन? आश्चर्य है।' राजा दशरथ ने कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

सामयिक चर्चा

लालच का पैसा

अखबार पढ़ कर,
बानी बोले - यह खबर पढ़कर
मुझे खूब आश्चर्य हुआ गजाधर!
कि नीट यूजी पेपर लीक केस में
सीबीआई ने, हजारी बाग स्कूल के
प्रिंसिपल को, कस्टडी में लिया।
सरस्वती मंदिर यानी स्कूल के
प्रमुख पुजारी मतलब प्राचार्य ने
ऐसा अपराधिक कार्य क्यों किया,
जिससे कि स्कूल में आई सीबीआई!
इसका कारण, आपकी दृष्टि में,
क्या है गजाधर भाई?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''बानी! इसका कारण मालूम,
एक और सिर्फ एक है।
और वह कारण है ऐसा....।''
फिर कुछ रूक कर,
गजाधर ने हॅंस कर कहा-
''वह है लालच का पैसा।''

गिरीश बख्शी

कविता

पंचभूत कैसे लील पाए ?

धरती की कोख उजाड़, आसमान का सीना चीर दिए।
तुम्ही बताओं प्रकृति ने प्रगति का क्या यही बीज दिए?
धरती, आकाश, पानी, पवन, तेज भी लागे ज्यों देवतुल्य।
ये कैसी तेरी अर्जन सर्जन के, सब दरवाजे बंद किए?
तेरी लालच की गाथा ऊँची-ऊँची चिमनियाँ कह जाती हैं।
आकाश के ललाट में भी तो, अब सिलवट नजर आती है।।
सूरज की सीध किरण भी अब, आ पाती न कहीं नजर।
धूल धूसरित हर सुबह, हर शाम गुबार हो जाती है।।
लालच की तपन ऐसी कि, हिमखण्ड भी
पिघला जाए। रूदन करती नदियों की आँसू, तुम्हें
कभी नजर न आए।।
छद्म प्रगतिवाद के छद्म ने जैसे,
सबके मुँह जड़े ताले हैं ।
हे! पंचभूतों के अर्चक तुमने,
कैसे पंचभूत लील पाए?

रोशन साहू मोखला
(राजनांदगांव)

राशिफल

मेष

आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ नई योजनाएं बनायेंगे। आज दिन भर घर की व्यवस्था तथा सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान निकालने में उनकी मदद करेंगे। आपका प्रदर्शन उम्मीद से अच्छा रहेगा।

वृषभ

आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपका कोई जरूरी कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज अपने ऊपर नकारात्मकता हावी न होने दें तथा स्वयं को व्यस्त रखें। किसी धार्मिक स्थल पर जाकर कुछ समय व्यतीत करना आप को सुकून देगा। शारीरिक दृष्टि से आज आपकी हेल्थ फिट रहेगी।

मिथुन

आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से संबंधित कोई प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिल सकता है।

कर्क

आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। करियर को लेकर आपके मन में उलझन बनेगी, लेकिन जल्द ही सब ठीक भी हो जायेगा। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा।

सिंह

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आपके व्यापार में लाभ दिलायेगा। आज संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी न होने दें, अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे तो सफलता जरूर मिलेगी।



कन्या

आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा। घर की जरूरत का सामान खरीदने जीवनसाथी के साथ मर्केट जायेंगे। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

तुला

आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यों को सीखने में लगेगा। आज बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कार्यों को पूरी सावधानी के साथ करेंगे, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।



वृश्चिक

आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप दिन भर की व्यस्तता के बावजूद भी शाम को अपने लिए समय निकालेंगे। पहले शुरू किये हुए कार्यों को आज पूरा करने पर आपका ध्यान रहेगा 7 आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगे। परिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

धनु

पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनायी योजनाओं पर आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। आज अपने उद्देश्यों को पूरा करने का कुछ नया प्लान बनायेंगे। आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे।

मकर

आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं।महिलाएं आज घर के कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी से मनपसंद गिफ्ट मिलेगा।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। प्रशासनिक कार्य पूरा करवाने के लिए आपको धैर्य से काम लेना होगा।

मीन

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यापार में आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें।

रेत के अवैध उत्खनन से मुड़पार क्षेत्र का जलस्तर नीचे उतरा

- आम ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई की सराहना की
- शासन प्रशासन व राजनीतिक दल जप्त रेत के उठाव के तकनीकी पहलुओं में उलझे
- रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण और विक्रय को लेकर गांव में आपसी तनाव से चिंतित दिखे ग्रामीण
- गांव में शांति हेतु नदी-नाले के रेत की नीलामी का प्रस्ताव प्रशासन के समक्ष रखा गया था - सरपंच प्रतिनिधि

डोंगरगढ़(दावा)। अनियंत्रित रेत खनन के कारण मुड़पार क्षेत्र स्थित नदी नाले के किनारों का क्षरण हो रहा है। जिससे क्षेत्र का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। और नदी नाले के किनारे कृषि कार्य करने वाले किसानों की भूमि को अत्यधिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा जैव विविधता को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। उक्त विचार प्रकट करते हुए क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी राहुल गौतम ने ग्रामीण जनों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दल व शासन-प्रशासन क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण व जप्त रेत के उठाव के तकनीकी पहलुओं पर आपस में उलझे हुए हैं। लेकिन आम ग्रामीण प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विगत अनेक वर्षों से रेत के अवैध उत्खनन को लेकर शासन प्रशासन के समक्ष प्रमुखता के साथ संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की चिंता से अवगत कराया गया था। किंतु रेत माफियाओं का दबाव इतना था कि राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी आर्थिक लाभ के लिए उनके इसारे पर कार्य करते आ रहे थे।

रेत माफियाओं द्वारा संग्रहित की गई रेत को जप्त कर प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया - ग्राम प्रमुख

ग्राम मुड़पार के ग्राम प्रमुख रामचंद्र चौधरी ने 'दावा' प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान बताया कि प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन करने वालों के खिलाफ जो कार्रवाई की है, उसकी सभी ग्रामीणजन तारीफ कर रहे हैं। इसके पूर्व अनेक मर्तबा कार्रवाई की गई लेकिन वह करवाई मात्र दिखावा साबित हुई। प्रशासन द्वारा की गई ठोस कार्रवाई से रेत माफियाओं को सबक के साथ -साथ भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसके पूर्व गांव में रेत के अवैध उत्खनन, संग्रहण एवं विक्रय को लेकर हमेशा विवाद की स्थिति बने रहती थी। रेत के अवैध उत्खनन से जलस्तर भी प्रभावित हुआ है। इस वर्ष गर्मी में कुएं का पानी सूख गया और अनेक बोर से पानी आना बंद हो गया है।

गांव में शांति हेतु रेत के नीलामी की मांग की गई थी - सरपंच प्रतिनिधि

ग्राम मुड़पार के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर दिन ठाकरे ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन संग्रहण और विक्रय को लेकर गांव में हमेशा तनाव की स्थिति बने रहती है। जिसे लेकर वर्ष 2023 में आम सहमति से पंचायत की ओर से प्रशासन को नदी नाले की रेत की नीलामी करने का सुझाव दिया गया था। जिस पर आज पर्यंत कोई ध्यान नहीं दिया गया। कुछ वर्ष पूर्व अत्यधिक विवाद होने पर पुलिस की मदद से ग्रामीण और रेत के व्यापारियों के मध्य समझौता कराया गया था। जिसके तहत ग्रामीणों को कम दर पर रेत उपलब्ध कराई जा रही थी। कुछ दिन सब कुछ ठीक चला, किंतु फिर वही स्थिति निर्मित हो गई।

अनियंत्रित रेत उत्खनन से क्षेत्र का जलस्तर प्रभावित हो रहा है - ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी

मुड़पार क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी राहुल गौतम का मानना है कि, क्षेत्र का जलस्तर नीचे जाने से कृषि कार्य प्रभावित होंगा। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा अनियंत्रित रेत खनन के कारण मुड़पार क्षेत्र स्थित नदी नाले के किनारों का क्षरण भी हो रहा है। जो भविष्य में किसानों एवं आम जनों के लिए नुकसानदायक होगा।

नीट पेपर लिक मामले के एनडीए सरकार के खिलाफ संसद घेराव

नई दिल्ली में युवा कांग्रेस नेता नदीम मेमन के नेतृत्व में खैरागढ़ युवा कांग्रेस की टीम हुई शामिल

खैरागढ़ (दावा)। देश में हुई अब तक के सबसे बड़े पेपर लिक मामले को लेकर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों एनडीए सरकार को घेरने में लगी है तथा पेपर लीक मामले को लेकर जांच की मांग कर रही है तथा 2024 की इस परीक्षा को फिर से कराने की मांग कर रहे है। जिसे लेकर गुरुवार 27 जून को राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आवाह्न पर 'जंतर मंतर नई दिल्ली' में संसद घेराव कर एनडीए सरकार को खिलाफ प्रदर्शन किया गया। जिसमें युवा कांग्रेस नेता नदीम मेमन के नेतृत्व में खैरागढ़ केसीजी जिले के युवा कांग्रेस टीम शामिल हुई, जंतर-मंतर में इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं के भाषण के बाद संसद घेराव के दौरान पुलिस द्वारा की गई बेरिकेटिंग तोड़ने के दौरान नदीम मेमन को चोंट भी आई फिर हजारों की संख्या में युवा कांग्रेसी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास के नेतृत्व में गिरफ्तारी भी दी कुछ घंटों बाद युवा कांग्रेस के सदस्यों को निःशर्त रिहा किया गया।

इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस नेता नदीम मेमन के साथ विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्रजीत सिंह छोटू, सूरज देवांगन, उमेश साहू, सूरज महिपाल, गजेंद्र वर्मा, राहुल सिरमौर, कुनाल सिंह, विजेंद्र यादव, ईश्वर वर्मा, मनीष साहू, रूपेश शर्मा, आकाश सिंह सहित युवा कांग्रेस केसीजी की टीम शामिल हुई।

उदय प्रकाश यादव जिला कोसरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष बने

मोहला (दावा)। मानपुर अं.चौकी जिला मुख्यालय मोहला में जिला कोसरिया यादव समाज का महासभा हुआ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मोहला के सरपंच श्रीमती संतोषी ठाकुर एवं समाज के प्रमुख अध्यक्ष खोरबाहरा राम यादव, संरक्षक गौरीशंकर यादव, सोहन यादव, तिरथ यादव धनसिग यादव, मुरारी लाल, सोनसिग यादव, अरूण यादव और समाज के महिला पदाधिकारी व युवा कार्यकर्ता और महाराष्ट्र गोंदिया जिला गढ़चिरौली जिले से समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जिसमें सामाजिक संविधान एवं नियम का पुस्तक विमोचन किया और समाज में अध्यक्ष चुनाव किया गया, जिसमें सामाजिक बंधुओं द्वारा उदय प्रकाश यादव को जिला कोसरिया यादव समाज का अध्यक्ष बनाया गया। समाज कल्याण शिक्षा और समाज को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा की।

पहला कॉलम...

खुज्जी में मना शाला प्रवेशोत्सव

डोंगरगांव (दावा)। शैक्षिक सत्र 2024-25 के प्रथम दिवस की शुरुआत शाला प्रवेशोत्सव के साथ हुआ। 26 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि सुयश नाहटा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव शामिल हुए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सोनाली पंसारी ने किया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। श्री नाहटा तथा सरपंच के द्वारा बच्चों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। श्री नाहटा ने अपने आतिथ्य उद्बोधन में बच्चों को शासन के द्वारा दी जा रही योजनाओं निश्शुल्क सरस्वती सायकिल योजना, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना, निःशुल्क गणवेश, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से इन योजनाओं का लाभ उठाकर मन लगाकर पढ़ाई करने का आग्रह किया। छात्रों को पाठयपुस्तक का वितरण भी किया गया। समारोह को सरपंच सोनाली पंसारी तथा प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने भी संबोधित करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

ज्येष्ठ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में प्रज्ञागिरी पर्वत पर वृक्षारोपण किया गया

कलकसा (दावा)। पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ प्रज्ञागिरी डोंगरगढ़ द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रज्ञागिरी पर्वत एवं नीचे प्रज्ञागिरी परिसर पर किया गया। पृथ्वी पर चारों ओर हरियाली विद्यमान रहे, वातावरण शुद्ध हो और व्यक्ति को शांति की अनुभूति हो इस हेतु से वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में डोंगरगढ़ कि प्रज्ञागिरी के निर्माता धम्मदूत पुज्य भदंत संघरत्न मानके (राष्ट्रीय अध्यक्ष- पञ्ञा मेत्ता संघ, भारत) आपके मार्गदर्शन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। जापान से आए उपासक सुसुमु नागाई (जापान), भदंत धम्मशिखर, धम्मानंद मेश्राम, डॉ मनोज गजभिये, (शाखा डोंगरगढ़ पञ्ञा मेत्ता संघ प्रज्ञागिरी, अध्यक्ष) अमित टेंभूरकर (शाखा डोंगरगढ़ पञ्ञा मेत्ता संघ प्रज्ञागिरी, सचिव) ज्योति मेश्राम (पञ्ञा मेत्ता युथ प्रज्ञागिरी अध्यक्ष) संजना गजभिये, गुड्डू गजभिये, भरत गड़पायले उपस्थित थे। वन विभाग द्वारा प्रदान विभिन्न ब्रिड के पौधों को रोपित किया गया।

चिरचारीकला में धूमधाम से मना शाला प्रवेश उत्सव, बच्चों का हुआ स्वागत

डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड कुमरदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरचारीकला के शासकीय प्राथमिक/ माध्यमिक/ तुलसीप्रसाद मिश्र हायर सेकण्ड्री चिरचारीकला में ग्राम पंचायत के सरपंच पूनम शर्मा, गिरधर प्रसाद लारिया अनुविभागीय अधिकारी, एम.पड़ोती जनपद कार्यक्रम अधिकारी, सुलेंद्र साहू सब इंजिनियर, एस.बी.उर्वषा प्राचार्य, भूषणदास वाडेकर संकुल समन्वयक, मनहरण लाल पिथौरा व्याख्याता, हेमंत सलामे प्रधान पाठक मा.शा., हिरदे राम सिन्हा ग्राम प्रमुख, सुरेश कुमार शुक्ला, हीरालाल गजभिये, जया कंवर, नरेन्द्र दमोहे, गिरधर चंद्रवंशी, झन्नालाल बसु, सविता सलामे, संतोष निर्मलकर, देवेन्द्र साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई प्रदान कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में समस्त नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर, पुस्तक एवं गणवेश वितरित कर एवं प्रथम दिवस के दिन अतिथि भोजन के रूप में खीर-पुडी के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन खिलाकर सभी नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य एस.बी.उर्वशा के द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन किया गया।

पालिका ने ली मुक्तिधाम की सुध, पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में कर्मचारी प्रतिदिन कर रहे सफाई

जल्द ही संवरेगा मुक्तिधाम, मूलभूत सुविधाओं का होगा विस्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के गणमान्यजनों की उपस्थिति में लिए गए निर्णय को संज्ञान में लेकर, अंततः नगर पालिका प्रशासन ने मुक्तिधाम को दुरुस्त करने का बीड़ा अपने हाथ में ले लिया है। मुक्तिधाम समिति के सदस्यों के साथ मिलकर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वयं मुक्तिधाम को स्वच्छ करने प्रतिदिन मेहनत कर रहे हैं। मुक्तिधाम की सफाई में जेसीबी ट्रैक्टर व पालिका के कर्मचारी प्रतिदिन मेहनत कर वहां व्याप्त गंदगी को दूर करने में लगे हैं। कचरे से अटा पड़ा मुक्तिधाम अब स्वच्छता की कहानी कह रहा है। पालिका के कर्मचारी वहां लगे खरपतवार को भी दिन प्रतिदिन साफ कर उसे दुरुस्त करने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर मुक्तिधाम समिति के सदस्य जिसमें मूल रूप से कैलाश अग्रवाल वार्ड के पार्षद तथा पालिका के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा मनोज गुप्ता दविंदर सिंह, पिंटू भाटिया, विजय बिंदल, अनिल अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, सन्नी चिखले दिन प्रतिदिन कार्यों की देखरेख कर रहे हैं। जल्द ही मुक्तिधाम में निर्माण कार्य भी प्रारंभ होगा इसके लिए मुक्तिधाम समिति को अच्छा जन सहयोग मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों में सहयोग के लिए होड सी मची हुई है। मुक्तिधाम में एक आकर्षक व सुविधाजनक गार्डन के लिए भी पहल हो रही है। सांसद प्रतिनिधि मोंटी भाटिया तथा वरिष्ठ समाजसेवी मनोज दम्मानी सहित अन्य लोग पौधों में ट्री गार्ड लगाने का संकल्प ले चुके हैं। वही मुक्तिधाम में बैठने की व्यवस्था के लिए सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने पहल की है तो पेयजल व्यवस्था के लिए आर्यंस फ्यूल के त्रिलोचन सिंह भाटिया व्यवस्था कर रहे हैं। बैठक व्यवस्था के लिए जन सहयोग से ग्रेनाइट लगाने का कार्य 1 जुलाई से प्रारंभ होने की संभावना है। वहीं मुक्तिधाम में नए शवदाह ग्रह के लिए भी पहल की जा रही है। जिसमें कम ईंधन में व्यवस्थित ढंग से शवदहन हो सकेगा। समिति के सदस्यों ने स्थानीय नागरिकों से मिल रहे सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया है तथा सभी के सुझाव भी आमंत्रित किया जा रहे हैं। अब वह दिन दूर नहीं जब नगर का मुक्तिधाम सज संवरकर अच्छी व्यवस्था के साथ उपलब्ध होगा।

नागरिकों ने रखी मांग

इसके लिए स्थानीय नागरिकों ने मुक्तिधाम में पुरातन काल में बने मठों के स्थान पर पौधारोपण करने तथा अपने पूर्वजों के नाम से वृक्ष लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रेरित करने मुक्तिधाम समिति से मांग की है। जिससे वहां बैठक व्यवस्था भी सुधरेगी तथा गंदगी से भी मुक्ति मिलेगी। पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ अन्य जरूरी मूलभूत सुविधाओं की ओर भी ध्यान देने लगातार सुझाव आ रहे हैं। जिसका समिति ने स्वागत किया है।

पेंडरवानी में शाला प्रवेश उत्सव मना

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला पेंडरवानी में संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, इसके अंतर्गत नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल टीका, मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया गया और और बच्चों को शासन द्वारा प्राप्त निःशुल्क पाठ्य और गणवेश वितरण किया गया। बच्चे पुस्तक और गणवेश पाकर बेहद प्रसन्नचित नजर आए, इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक जीवनलाल साहू ने बच्चों को प्रथम दिवस से ही तन मन से पढ़ाई करने के लिए कहा और अपने माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया, इस अवसर पर दोनों विद्यालय के सभी शिक्षकगण की उपस्थित रहे और ग्राम के महिला समूह की विशेष रूप से उपस्थिति रही। विशेष अतिथि के रूप में तुमड़ीबोड़ के संकुल समन्वयक डी.एस.सलामे उपस्थित रहे, इस संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक तोरण लाल निषाद द्वारा किया गया। उक्त जानकारी शाला विकास समिति के मीडिया प्रभारी नूतन साहू के द्वारा प्राप्त हुआ।

विधायक हर्षिता ने किया वार्ड का भ्रमण, वार्डवासियों की समस्या से हुई अवगत

डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गुरुवार को नगर के वार्ड नंबर 16 व 17 का भ्रमण करके वार्डवासियों से समस्या की जानकारी ली है। इस दौरान वार्डवासियों ने अपने बीच विधायक को देखकर काफी खुश दिखाई दिए और वार्ड के महिला, पुरुष व बुजुर्गों ने एक -एक कर उन्हें अपनी-अपनी समस्याओं से स्वागत कराया।

वार्डवासियों ने विधायक को वार्ड में होने वाली पानी की समस्या, नाली की समस्या व सड़क की समस्या सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिस पर विधायक श्रीमती बघेल ने सभी वार्डवासियों की समस्या को जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा को मौके पर बुलाकर वार्ड वार्डवासियों को हो रही समस्या के विषय में जानकारी देकर जल्द ही दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विजय राज चौहान, हरीश भंडारी, जितेंद्र सिंग भाटिया, संजय यादव, रामजी तराने, मधु श्रीवास्तव, संजीव गुप्ता, प्रकाश महानदी, तरुण फुले, नरेश करषे, भागवत चौधरी, निशा निर्मलकर, रितू निर्मलकर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चिचदो में रिबन काटकर हुआ शाला प्रवेश उत्सव

डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो में 26 जून बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच लीना साहू एवं शिक्षिका कोनिका सोनी ने न्यौता भोजन का भी आयोजन किया, इस भोज में बच्चों को भरोसा गया स्वादिष्ट भोजन में चावल, दाल, सब्जी अचार, पूरी, खीर आदि पाकर बच्चों के मन प्रफुल्लित दिखे। प्रवेश उत्सव में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जायसवाल एवं जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल पात्रे एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रश्मि ठाकुर, ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक राजू रत्नाकर, प्राचार्य काजलराम सोरी, सीएससी राहुल जैन, रूपेंद्र देवांगन, शाला प्रबंधन समिति व पालक समिति के सदस्य व तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। स्कूल में प्रथम दिवस रिबन काटकर कक्षा 1 के नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश तथा उपहार स्वरूप चॉकलेट, पेन, कॉपी इत्यादि देकर प्रोत्साहित किया गया, इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा 20 तक पहाड़ा सुनने वाले बच्चों को उपहार दिया गया।

अमानक पाये जाने पर कीटनाशक विक्रेता को नोटिस जारी

मोहला (दावा)। कृषि विभाग, कीटनाशक निरीक्षक द्वारा साई कृषि केंद्र औंधी का आकस्मिक निरीक्षण 27 मई को किया किया गया था। निरीक्षण में कीटनाशक ब्रांड 2-4 डी चार डी अमाइन साल्ट 58 प्रतिशत एस.एल, निर्माता कम्पनी भारतीय रासायनिक उद्योग सोरीदभाट धमतरी, बैच नंबर, आर बी - 04310 का नमूना लिया गया था। लिये गये नमूना की जांच किये जाने पर अमानक पाये जाने पर संबंधित संस्थान को नोटिस जारी किया गया है। 28 दिनों के भीतर इस संबंध में जवाब मांगा गया है। संतुष्टि जनक जवाब नहीं पाए जाने पर कीटनाशक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जाएगा।

दिव्यांगजनों के लिए ग्राम तुमड़ीबोड़ में विशेष शिविर का आयोजन

- 140 दिव्यांग हितग्राहियों ने कराया पंजीयन
- मेडिकल सर्टिफिकेट, सहायक उपकरण, पेंशन के लिए दिव्यांगजनों ने दिया आवेदन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, राशन कार्ड सत्यापन, विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 140 दिव्यांग हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया। शिविर में अस्थिबाधित के लिए 95, दृष्टि बाधित के लिए 14, श्रवण बाधित के लिए 14, बहुविकलांग के लिए 6 एवं मानसिक दिव्यांग के लिए 11 आवेदन प्राप्त हुए।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। समाज कल्याण विभाग के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से जन मानस को नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया। शिविर में जनपद सदस्य श्रीमती निर्मला सिन्हा, विरेन्द्र साहू, डाकेन्द्र चन्द्राकर एवं सरपंच टीकम पटेल सहित अन्य पंचगण व जनप्रतिनिधि, जिला चिकित्सालय से मेडिकल बोर्ड से अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल महाकालकर, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. बीके बेनर्जी, मेडिसिन डॉ खुमान सिह मण्डावी, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांसु नामदेव, समाज कल्याण विभाग से श्रीमती सुखमा चन्द्रवंशी, बीके बघेल, श्रीमती मीना चन्द्रवंशी, श्रीमती कंचनकला मेश्राम, निखिल साहू एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव से श्री साहू, ओम प्रकाश जैन, विरेन्द्र तिवारी, हिरालाल नेताम, घनश्याम साहू, निर्मला साहू सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

शा. प्राथमिक शाला सिंघोला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरदी (दावा)। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक स्कूल में 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में शासकीय बालक/कन्या प्राथमिक शाला सिंघोला में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम के युवा सरपंच मुकेश साहू थे एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रोहित भारद्वाज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप मे महिला बाल विकास विभाग से रंजना श्रीवास्तव एवं कन्या प्राथमिक शाला के अध्यक्ष एमीन साहू के साथ ही सम्मानीय ग्रामीणजन, सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के साथ ही सभी कक्षा के बच्चे उपस्थित थे। सर्वप्रथम ज्ञान दायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। समवेत स्वर में बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। संस्था के प्रधान पाठक सेवती साव एवं अल्का ठाकरे ने शाला प्रवेशोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। नवप्रवेश वाले कक्षा 1ली के बच्चों का मुँह मीठा कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच मुकेश साहू ने सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

अध्यक्ष रोहित भारद्वाज एवं समस्त शिक्षक स्टाफ ने अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने के लिए सरपंच महोदय का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कन्या शाला के बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य से चार चाँद लगा दिये। उसके बाद बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम मे मंच संचालन शाला के शिक्षक छन्नूलाल साहू के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन कन्या शाला के शिक्षिका रेणुका साहू के द्वारा किया गया।

पहला कॉलम...

श्रीलंकाई टीर्म के क्रिस सिल्वरवुड ने हेड कोच पद छोड़ा

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में श्रीलंकाई टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था. श्रीलंकाई टीम ग्रुप स्टेज में सिर्फ एक मैच जीत सकी थी और सुपर-8 में जगह बनाने में नाकाम रही थी. इसके बाद टीम पर कई सवाल उठने लगे थे. जिसके बाद महेला जयवर्धने ने श्रीलंकाई टीम के सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था. अब श्रीलंकाई टीम के हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. क्रिस सिल्वरवुड 2022 से मुख्य कोच थे. लेकिन अब उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है. इसकी घोषणा खुद श्रीलंकाई टीम बोर्ड के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई है. अपने इस्तीफे के बारे में सिल्वरवुड ने कहा, ÷एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने के नाते मुझे अपने परिवार से काफी दूर रहना पड़ता है. अपने परिवार के साथ लंबी चर्चा के बाद, अब मुझे लगता है कि घर वापस जाने और उनके साथ समय बिताने का समय आ गया है.÷ श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (स्नुष्ट) के साथ बिताए गए समय के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा, ÷मैं खिलाड़ियों, कोचों, सहायक स्टाफ और श्रीलंका क्रिकेट प्रबंधन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं. आपके समर्थन के बिना, कोई भी सफलता संभव नहीं थी.÷

एसबीआई ने इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के माध्यम से 10 हजार करोड़ जुटाए

मुंबई। देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 15 सालों के इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के जरिए 10 हजार करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह राशि 7.36 प्रतिशत की कूपन रेट पर जुटाई है। एसबीआई ने कहा कि बॉन्ड के माध्यम से मिलने वाली राशि का उपयोग राजमार्गों, पावर प्लांट, बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा। इसके अलावा लॉन्ग टर्म संसाधनों को बढ़ाने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाएगा। एसबीआई ने कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और यह पांच हजार करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग चार गुना ज्यादा अभिदान मिला। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि इस निर्गम से लॉन्ग टर्म बॉन्ड कर्व विकसित करने में मदद मिलेगी और अन्य बैंकों को भी लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड से प्राप्त इनकम को स्टैचटोरी लिक्विडिटी रेश्यो (एसएलआर) और कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) जैसी रेग्युलेटरी रिजर्व रिक्वायरमेंट्स से छूट दी गई है। पूरी राशि को ऋण देने के कामों में लगाया जा सकता है।

अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी ने17 विकेट लेकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के तेज़ गेंदबाज़ फजलहक फारूकी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 17 विकेट का आंकड़ा छूकर इतिहास रच दिया. फारूकी अब तक इस टी20 विश्व कप में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं. 17 विकेट के साथ फारूकी टी20 वर्ल्ड कप एक एडीशन में सबसे ज़्यादा सफलताएं अपने नाम करने वाले बॉलर बन गए. उन्होंने श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ दिया. इससे पहले टी20 विश्व कप के एक एडीशन में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के नाम दर्ज था. हसरंगा ने 2021 के टी20 वर्ल्ड कप में 16 विकेट चटकाए थे. अब अफगानी पेसर ने 17 विकेट के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. हसरंगा ने 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में 15 विकेट अपने नाम किए थे. बता दें कि बाएं हाथ के भारतीय तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह अफगानी तेज़ गेंदबाज़ फजलहक फारूकी का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं. अब तक अर्शदीप ने इस टी20 विश्व कप में 15 विकेट चटका लिए हैं.

शेयर बाजार : सेंसेक्स पहली बार 79000 के पार

नई दिल्ली। सेंसेक्स और निफ्टी ने नया रिकॉर्ड हाई बना लिया है और सेंसेक्स पहली बार 79000 के पार चला गया है. आज के ट्रेड में बीएसई सेंसेक्स ने 79,033.91 का नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड लेवल छू लिया है. इस तरह सेंसेक्स ने पहली बार 79000 का लेवल पार कर लिया है. वहीं एनएसई निफ्टी ने भी 23,974.70 का हाई रिकॉर्ड बनाया है. बैंक निफ्टी ने पहली बार 53,180.75 का उच्चतम स्तर छू लिया है और बैंकिंग स्टॉक्स से बाजार में जोश बढ़ता जा रहा है. बीएसई का मार्केट कैप 437.80 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है. बीएसई का सेंसेक्स 84.42 अंक या 0.11 फीसदी की तेजी के साथ 78,758.67 के लेवल पर ओपन हुआ है. वहीं एनएसई का निफ्टी 12.75 अंकों या 23,881.55 के लेवल पर खुला है. घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त पर हुई है लेकिन बाजार ओपनिंग के तुरंत बाद गिरावट के लाल दायरे में फिसल गया है.

आज छत्तीसगढ़ हॉकी सब जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन

- बालिका वर्ग में बिलासपुर और डी.एच.ए, बालक वर्ग में डी.एच.ए. व स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर के मध्य फायनल आज
- बालक वर्ग में हॉकी जशपुर और हॉकी धमतरी बालिका वर्ग में सांई व हॉकी रायगढ़ तीसरे चौथे स्थान के लिए खेलेंगें

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर बालक बालिका राज्यस्तीरय हॉकी प्रतियोगिता का समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह मधुसूदन यादव पूर्व सांसद व पूर्व महापौर राजनांदगांव के मुख्य आतिथ्य में तथा नरेश डाकलिया पूर्व महापौर के अध्यक्षता में व कुलबीर सिंह छाबडा वरिष्ठ पार्षद नगर निगम राजनांदगांव, पावन डागा समाजसेवी राजनांदगांव, श्रीमती सबा अंजूम, वरिष्ठ हॉकी खिलाडी व अर्जून आवर्डी के विशिष्ठ आतिथ्य में शाम 04:30 बजे से सम्पन्न होगा। डी.एच.ए. राजनांदगांव व स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर बाकल वर्ग के छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर बालक एवं बालिका हॉकी प्रतियोगिता के फायनल में आज 28 जून को शाम 04:30 बजे खेलेगीं वही बालिका वर्ग में हॉकी बिलासपुर और डी.एच.ए राजनांदगांव के मध्य फायनल मैच सुबह 09:30 बजे से खेला जायेगा।

स्पर्धा के बालिका वर्ग में तीसरे व चौथे स्थान के लिए सांई राजनांदगांव और हॉकी रायगढ़ की टीम के मध्य मैच प्रातः 8 बजे से एवं बालक वर्ग में हॉकी जशपुर व हॉकी धमतरी की टीमें सुबह 3 बजे से मैच आयोजित है। आज खेले गए बालिका वर्ग के पहले सेमीफायनल मैच बिलासपुर ने सांई राजनांदगांव के 4-3 गोल से पराजित कर फायनल में अपना जगह बनाया आज खेले गए पहले मैच में दोनो ही टीमों के मध्य रोमांचक मुकाबला देखने को मिला मैच के शुरूवाती समय में सांई ने अपने अच्छे खेल प्रदर्शन करते हुए मैच के 3रे मिनट में दुबी रावत ने गोल करते हुए 1 गोल बढत बनाई वहीं मैच के 18वें मिनट में सांई को पेनाल्टी कार्नर मिला जिसे मंजू निबेदिया ने गोल में तबदिल कर 2-0 गोल बढ़त बनाई मैच के 26वें मिनट 29वें मिनट 35वें मिनट में बिलासपुर की ओर से मम्तेश्वरी ने 2 गोल मधु सिदार ने 1 गोल करते हुए 3-2 को स्कोर कर दिया वहीं मैच के 36वें मिनट में पुनः डॉली निषाद ने गोल करते हुए मैच को अपने कब्जे में ले आये किन्तु मैच के 58वे मिनट में सांई के नैना सोनकर गोल करते हुए स्कोर में थोडी कमी की किन्तु हॉकी बिलासपुर ने मैच को 4-3 जीत दर्ज करते हुए फायनल में अपना स्थान पक्का किया। आज खेले गए बालिका वर्ग के दुसरे सेमीफायनल मैच में डी.एच.ए राजनांदगाव ने हॉकी रायगढ को 6-0 गोल से पराजित कर फायनल में अपना स्थान बनाया हॉकी राजनांदगांव की ओर से सिमरन ने 4 गोल दागे वहीं सोनम साहू व राशि मंडावी ने 1-1 गोल कर फायनल में अपना स्थान पक्का किया।

आज मैच के दौरान, शहिद भाई पूर्व उपाध्याक्ष जिला पंचायत व महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सूर्यकांत जैन अध्यक्ष जिला हैण्डबॉल, फिरोज अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी सुश्री ऑशा थामस कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, शिव नारायाण धकेता सचिव जिला हॉकी संघ, नीलमचंद जैन, रामअवतार जोशी, रवि पारीक सचिव बिलासपुर हॉकी, भुषण सॉव, मृणाल चौबे, अनुराज श्रीवास्तव लक्ष्मण यादव, रूपेश जायसवाल, योगेश द्विवेदी, आशिष सिन्हा, कु.अनिशा साहू, मुस्कान शर्मा आरती शेण्डे, सुप्रिया तिग्गा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बधाई व शुभकामनाएं दी। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रातः खेले गए बालक वर्ग के प्रथम सेमीफायनल मैच में राजनांदगांव विरूद्ध जशपुर के मध्य खेला गया जिसमें राजनांदगांव ने जशपुर पर एक आसान सी जीत दर्ज करते हुए फायनल में अपना स्थान पक्का किया। हॉकी राजनांदगांव ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाते हुए डी.एच.ए राजनांदगाव की ओर से देवेन्द्र यादव ने 2 गोल सहिल खाखा, राजबीर राजपुत, प्रिंस भगत और प्रवीण यादव ने 1-1 गोल किए। आज खेले गए दुसरे सेमीफायनल मैच स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर ने हॉकी धमतरी को एक रोमांचक मुकाबले में 4-2 गोलों से जीत दर्ज कर फायनल में अपना जगह सुनिश्चित किया

दोनो ही टीमो के मध्य बडा ही रोमांचक मैच दर्शकों को देखने को मिला मैच के पहले क्वाटर में दोनों ही टीम कोई भी गोल नही कर पाई मैच के दुसरे क्वाटर में हॉकी धमतरी की ओर से मैच के 29वें मिनट में ओम यादव ने गोल कर 1-0 की बढ़त बनाई हुई थी मैच के तीसरे क्वाटर में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए मैच के 35वें मिनट में प्रेम रायकर, मैच के 40वें मिनट मोहित नायक, मैच के 42वें मिनट विष्णु यादव व मैच के 45वें मिनट मे हार्दिक के गोल के बदौलत 4-1 गोल के स्कोर से बढ़त बना ली वहीं धमतरी की ओर से मैच के 46वें मिनट में आदर्शा सिंह ने 1 गोल और किया स्पोटर्स अकादमी रायपुर ने यहा मैच 4-2 गोलों से विजयी होते हुए छत्तीसगढ राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता फायनल में अपनी जगह बनाई।

अपील

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम में खेली जा रही छत्तीसगढ़ हॉकी जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता जो कि दिनांक 28 जून से आयोजित की गई उसका फाइनल मैच व समापन समारोह आज 28 जून को शाम 4:30 बजे आयोजित कि गई है जिसमें आयोजन समिति ने खेलप्रेमी जनता से अपेक्षा की है कि मैदान में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्सहावर्धन करें।

सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की घातक गेंदबाजी दिखी। नॉकआउट मुकाबले में मार्को यान्सन, कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्खिया के अलावा तबरेज शम्सी ने अफगानिस्तान को 11.5 ओवर में 56 रन पर पूरी टीम को समेट दिया। इस छोटे स्कोर के चलते अफगानिस्तान के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। राशिद का यह फैसला उनके हक में नहीं गया। अफगानिस्तान ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया। अफगान टीम ने 56 रन बनाकर अपने नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज किया। यह टी20 विश्व कप नॉकआउट मैच में न्यूनतम स्कोर है। इसके अलावा अफगानिस्तान का भी न्यूनतम टी20 अंतर्राष्ट्रीय स्कोर है। साउथ अफ्रीका के गेंदबाज पूरी तरह से हावी रहे। पिच पर दोहरा उछाल जरूर था, लेकिन अफगानिस्तान की बल्लेबाजी इस पूरे टूर्नामेंट में उनकी कमजोर कड़ी रही थी। पहले चार ओवर में ही चार विकेट गिर गए थे और उनकी ओपनिंग जोड़ी से भी कोई बल्लेबाज पिच पर नहीं बचा था। यान्सन, रबाडा और नॉर्खिया के अलावा शम्सी ने अफगानिस्तान का खेलना मुहाल कर दिया। पिछले तीन दशक में साउथ अफ्रीका अपना पहला वर्ल्ड कप फाइनल खेलने से सिर्फ 57 रन ही दूर है।

पटरी से उतरे ट्रेन के 9 डिब्बे; 70 से अधिक लोग हुए घायल

नई दिल्ली। रूस के कोमी में भयानक रेल हादसा हुआ है। यहां एक यात्री ट्रेन के 9 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में 70 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों में सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल, हादसे में किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। यात्री ट्रेन उत्तर पूर्वी कोमी में वोरकुटा से नोवोरोस्सिएस्क के ब्लैक सी बंदरगाह जा रही थी। दोनों जगहों के बीच की दूरी 5 हजार किलोमीटर है।

रेल यातायात निलंबित

हादसे का शिकार हुई रेल का नाम ट्रेन 511 है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक हादसा बुधवार शाम करीब 6~12 बजे (स्थानीय समय) इंटा शहर के पास हुआ। रूसी रेलवे ने टेलीग्राम पर कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर भेज दी गई हैं। यात्रियों की सहायता के लिए उपाय किए जा रहे हैं। पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस रूट पर रेल यातायात निलंबित कर दिया गया है।

ट्रेन में सवार थे 232 यात्री

ट्रेन में कुल 14 डिब्बे थे जिनमें 232 यात्री सवार थे। रूसी रेलवे के मुताबिक, ट्रेन के पटरी से उतरने का कारण हाल ही में हुई भारी बारिश हो सकती है। रेलवे ने पटरी से उतरने की घटना की जांच के लिए एक टास्क फोर्स का भी गठन किया है। 2 रिकवरी ट्रेनें घटनास्थल पर भेजी गई हैं।

5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में भारती एयरटेल सबसे आगे

नई दिल्ली। 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में 11,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगी। इसमें भारती एयरटेल सबसे बड़ी कंपनी के रूप में उभरी है। सरकार की ओर से किए जा रहे 96,000 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी में सबसे ज्यादा मांग 900 मेगाहर्ट्ज और 1800 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की रही।

टेलीकॉम एनालिस्ट पराग कर के मुताबिक 900 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम के लिए 6,985 करोड़ रुपये की बोली लगी है और वहीं 1800 मेगाहर्ट्ज के लिए 3,579 करोड़ रुपये की बोली लगी है। पराग कर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 2,100 मेगाहर्ट्ज में भारती एयरटेल द्वारा 545 करोड़ रुपये की एकमात्र बोली लगाई गई है। वहीं, वोडाफोन आइडिया (वीआई) 2500 मेगाहर्ट्ज में बोली लगाने वाली एकमात्र कंपनी थी। टेलीकॉम डिपार्टमेंट द्वारा इस नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज के बैंड नीलामी के लिए रखे गए थे।

इस नीलामी प्रक्रिया में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो ने भाग लिया। एनालिस्ट का कहना है कि स्पेक्ट्रम की ये नीलामी देश में 5जी कवरेज को तेजी से बढ़ाने में मदद करेगी। इससे सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 5जी यूजर्स की संख्या 2029 के अंत तक 84 करोड़ के करीब पहुंच सकती है, जो कि कुल मोबाइल सब्सक्राइबर की संख्या का 65 प्रतिशत होगा। इससे पहले 2022 में 1.5 लाख करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी हुई थी।

नेपाल में लैंडस्लाइड और भारी बारिश का कहर, 14 लोगों की मौत, कई लापता

नई दिल्ली। भूकंप हो या बारिश की सुनामी, हमेशा सबसे ज्यादा नेपाल में इसका असर पड़ता है. इस बार भी नेपाल में बारिश के चलते तबाही मची हुई है. भारी बारिश, लैंडस्लाइड और बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई है. वहीं, सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं. नेपाल के नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी (हृष्ठक्रक्ररू) के मुताबिक, यहां देश क अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश हुई है. लैंडस्लाइड और बिजली गिरने के कारण 14 लोग मार जा चुके है. 8 लोग लैंडस्लाइड के कारण मारे गए हैं, जबकि 5 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है. वहीं, एक शख्स बाढ़ के कारण मारा गया है.

अब तक कुल 44 घटनाएं दर्ज हुई हैं. लैंडस्लाइड में 2 लोग अभी लापता हैं, जबकि 10 लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं. नेपाल के गृह मंत्रालय के मुताबिक, मानसून के सक्रिय होने से अब तक 17 दिनों में 28 लोग मर चुके हैं. इसके कारण 33 जिले प्रभावित हुए हैं, जिनमें 147 घटनाएं सामने आई हैं. बिजली गिरने की घटनाओं में 13 लोगों की मौत हुई है. जबकि लैंडस्लाइड के कारण 14 लोगों ने अपनी जान गंवाई है. हृष्ठक्ररू के प्रवक्ता दीजन ने बताया कि 26 जून को कुल 44 घटनाएं दर्ज कीं. उन घटनाओं में 14 लोगों की जान चली गई, जिनमें से 8 की मौत भूस्खलन और 5 की मौत बिजली गिरने के कारण हुई. वहीं, एक शख्स की जान बाढ़ के कारण गई है.

भारी बारिश के कारण बुधवार को लामजंग में भूस्खलन से 5 लोगों की मौत हुई. वहीं, कास्की में 2 और ओखलधुंगा में एक व्यक्ति की जान गई, जबकि बाढ़ की घटना में एक व्यक्ति की मौत दर्ज की गई है. गृह मंत्रालय के अनुसार, नेपाल में पिछले 17 दिनों में कुल 28 लोगों की जान जा चुकी है. साथ ही मानसून के कारण 33 जिले प्रभावित हुए हैं, जिसमें 17 दिनों की अवधि में कुल 147 घटनाएं दर्ज की गई हैं.

प्रथम पेज का शेष ....

लोकतंत्र और समाज को विघटनकारी ....

सुधारों की गति तेज की जायेगी तथा आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये जायेंगे। श्रीमती मुर्मु ने देश में स्थिर सरकार और सकारात्मक सोच के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में सुधारों के जरिये अर्थव्यवस्था की मजबूत पृष्ठभूमि तैयार की जिसके चलते कोविड जैसी महामारी के बावजूद 2021 से 24 के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत रही है। उन्होंने विगत में अस्थिर सरकारों के दौर की ओर संकेत करते हुए कहा,÷ विरोधपरक मानसिकता और स्वार्थ के कारण लोकतंत्र की मूल भावना का बहुत अहित हुआ है और इसका संसदीय प्रणाली तथा विकास पर असर पड़ता है। अस्थिरता के दौर में कई दशकों तक जरूरी सुधार और निर्णय नहीं किये जा सके जबकि पिछले दस वर्षों में अनेक सुधार किये गये हैं। ÷ उन्होंने कहा कि सुधारों के चलते आज भारत की वित्तीय साख बढी है और बैंक मजबूत हुए हैं, भारतीय जीवन बीमा निगम पहले से अधिक मजबूत हुआ है तथा माल एवं सेवाकर (जीएसटी) से कारोबार इकाईयों के अधिकाधिक पंजीकरण का रुझान बढ रहा है और यह व्यापार में आसानी का माध्यम बनी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार विनिर्माण, कृषि और सेवा क्षेत्र को बराबर का महत्व दे रही है। परंपरागत क्षेत्रों के साथ-साथ हरित हाइड्रोजन जैसे तमाम 'सनराइज' क्षेत्रों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दस वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है और तीन लाख 80 हजार किलोमीटर सड़कें बनाई गयी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए संसाधनों में इस दौरान चार गुना से अधिक वृद्धि हुई है और वहां सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) को चरणबद्ध तरीके से हटाने का काम चल रहा है। इस दौरान विपक्ष के कई सदस्यों ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर शोर किया। श्रीमती मुर्मु द्वारा परीक्षाओं की पारदर्शिता पर जोर दिये जाने के समय भी विपक्षी सदस्यों ने नीट-नीट के नारे लगाये।

नीट पेपर लीक पर दोनों सदनों में ...

कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक के हालिया मामले में मेरी सरकार निष्पक्ष जांच और दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। खड़गे बोले- जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती मोदी सरकार - राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा- हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए, सिर्फ ऐसा बोलकर मोदी सरकार जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती है। देश के युवा न्याय मांग रहे हैं। शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। देश में हर दूसरा युवा बेरोजगार है और इस भाषण में बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस नीति सामने नहीं आई।

छग. में विधानसभा, लोकसभा चुनाव ...

समीक्षा बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा होगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली का दौरा

पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली 28 जून को दोपहर 1.30 बजे राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे। 29 जून को वे बिलासपुर कांग्रेस भवन में बैठक लेंगे। 30 जून को बिलासपुर से कांकेर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर राजीव भवन कांकेर में बैठक लेंगे। शाम को वे कांकेर से रायपुर के लिए रवाना होंगे। एक जुलाई को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में बैठक लेंगे।

'24 साल के कार्यकाल में कभी सियासी...

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने आगे कहा, अगर आपका मतलब व्यापक अर्थों में राजनीतिक दबाव से है कि एक न्यायाधीश किसी ऐसे फैसले के प्रभाव को महसूस कर रहा है, जिसके राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं। तो जाहिर है कि जब आप संवैधानिक मामलों पर फैसला कर रहे हों तो न्यायाधीशों को अपने फैसलों के प्रभाव से अवगत होना चाहिए। मेरा मानना है कि यह राजनीतिक दबाव नहीं है।

सामाजिक दबाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायाधीश अक्सर अपने फैसलों में सामाजिक प्रभाव के बारे में सोचते हैं। सीजेआई ने कहा, हमारे द्वारा निपटाए गए मामलों में गहन सामाजिक प्रभाव शामिल हैं। न्यायाधीश के रूप में मेरा मानना है कि सामाजिक व्यवस्था पर हमारे फैसलों के प्रभाव के बारे में जागरूक होना हमारा दायित्व है।

जनदर्शनः आयुषी ने लगाई गुहार...

आयुषी ने बताया कि मेरा सपना यूपीएससी है। मैं आइएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं। मुख्यमंत्री ने आयुषी की तैयारी के लिए अधिकारियों को आवश्यक सुविधा एवं सहायता दिलाने के निर्देश दिए।

जनदर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री आवास में जुटे। जनदर्शन में प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से लोग अपनी समस्या लेकर शामिल हुए। जनदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रदेश भर से जुटे नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी।

मीराबाई का लक्ष्य अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाने का

नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है।

तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, %पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (टोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।

मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है।

मीराबाई ने कहा, मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान चोट से बचने पर है। उन्होंने हॉर्शिग की तारीफ करते हुए कहा, उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिली है। मैं 2020 से उनके साथ काम कर रही हूं और वह अच्छे से समझते है कि मेरे शरीर में कहां परेशानी है। वह जानते है कि चोट से कैसे जल्दी उबरना है और किस तरह से अभ्यास को आगे बढ़ाना है।

पुलिस की गिरफ्त में आए चाकूबाज, युवक के पेट में चाकू मारकर हुए थे फरार

भिलाई (दावा)। जामुल थाना क्षेत्र में दो दिन पहले एक युवक पर चाकू से हमला कर फरार हुए बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। दो आरोपियों को राजनांदगांव में जीआरपी ने गिरफ्तार किया। सूचना मिलने के बाद जामुल थाने की टीम राजनांदगांव से आरोपियों को कस्टडी में लेकर लौटी। वहीं मामले में एम आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ थाना जामुल में धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं और चोरी व लूट के मामले दर्ज हैं।

जामुल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 जून को घासीदास मैदान के पास रात लगभग 9 बजे बाबी सोनी अपने दोस्तो के साथ खड़ा था। इस दौरान वहां सोहेल खान उर्फ खलनायक, यश पाण्डेय उर्फ मसान तथा एन जोनसन पहुंचे और गाली गलौच करने लगे। इस दौरान वहां मुकेश यादव नाम के युवक पर चाकू से हमला कर दिया। तीनों ने मिलकर मुकेश के पेट, पीठ व बाएं पैर में चाकू से वार किया और लहूलुहान हालत में उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। उक्त घटना की सूचना मिलने पर जामुल पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

आरोपियों की खोजबीन के लिए मुखबिर लगाए गए। दुर्ग भिलाई के साथ ही आसपास के जिलों में भी आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इस बीच चकूबाजी के दो आरोपियों को राजनांदगांव में जीआरपी द्वारा पकडा गया है। इसके बाद जामुल पुलिस के द्वारा राजनांदगांव जिले से दोनो आरोपी यश पाण्डेय उर्फ मसान तथा एन जोनसन को अपनी कस्टडी लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि पुरानी रंजिश में इन लोगों ने मुकेश यादव को चाकू मारा था। आरोपियों के बयान के बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पूरी कार्रवाई में एसआई सौमित्री भोई, आरक्षक बालेन्द्र द्विवेदी, आरक्षक संजय मनहर, आरक्षक राधे लाल यादव का अहम योगदान रहा।

सुपेला पुलिस की पकड़ में आया चाकूबाज

एक अन्य मामले में सुपेला पुलिस ने भी एक चाकूबाज को गिरफ्तार किया है। लोकेश सोनी नाम के बदमाश ने 23 जून को कृष्णा नगर निवासी प्रवीण गायकवाड़ को चाकू मार दिया था। आरोपी चाकू मारने के बाद से फरार चल रहा था। इधर चाकूबाजी घायल प्रवीण को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं लोकेश सोनी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि लोकेश सोनी सुपेला क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी लोकेश सोनी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना सुपेला से एसआई मनीष बाजपेयी, प्रधान आरक्षक प्रहलाद बाजपेयी, भरत यादव, मुकेश साहू, आरक्षक सुरेन्द्र गिरी का विशेष योगदान रहा।

चोरी के बाद बुजुर्ग की हत्या

खाटू श्याम दर्शन के लिए गए थे बेटा-बहु

जांजगीर चांपा(दावा)। थाना क्षेत्र के शंकर नगर में घर के कमरे में संदिग्ध हालात में बेड पर बुजुर्ग छोटे लाल पांडेय (65) का शव मिला। कमरे में रखी अलमारी भी खुली मिली। लोगों की आशंका है कि चोरी के बाद बुजुर्ग की हत्या की गई है। वहीं, गले में निशान भी मिला है। जानकारी अनुसार, बुधवार की रात करीब नौ बजे चांपा पुलिस को सूचना मिली कि घर के कमरे में एक बुजुर्ग छोटे लाल पांडेय का शव बेड पर ही मृत हालत में पड़ा हुआ है। उसके सिर के पास लाल रंग का तार और पैर तरफ बर्तन एक लोटा पानी रखा हुआ था।

यह घटना 8.00 से 8.30 बजे की बीच है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक छोटे लाल के गले में निशान मिले हैं और कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा खुला हुआ मिला था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि अज्ञात चोर चोरी के नीयत से घर में घुसे होंगे। चोरों ने देखा होगा कि घर के कमरे में कोई होगा, जिसके बाद उसके गले को दबाकर हत्या की गई होगी। फिलहाल यह जांच का विषय है। छोटे लाल पांडेय अपने परिवार के साथ रहता था। बेटा और बहू अपने बच्चो के साथ खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए गए हुए थे। वहीं, छोटे लाल की पत्नी डेयरी दुकान पर बैठी थी। रोजाना की तरह छोटे लाल अपनी पत्नी को दुकान से घर लाने के लिए शाम के 7.45 बजे दुकान जाया करता था। कल तेज बारिश की वजह से वह दुकान अपनी पत्नी को लेने नही पहुंचा तो उसके बेटे ने पड़ोसी को फोन कर कहा कि पिता जी फोन नहीं उठा रहे हैं। जाकर बात करा दीजिए, जब पड़ोसी पहुंचा तो देखा कि वह बेड पर पड़े थे। आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं दे रहे थे। पास जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले दिन दहाड़े एक अज्ञात चोर मोबाइल को लूट कर भाग रहा था, जिसे देख बच्चो ने उसे पकड़ा तो वह मोबाइल को छोड़ कर भाग निकला था। वहीं, एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार ने बताया कि हत्या की आशंका है। कमरे में रखी अलमारी टूटी हुई मिली है। चोरी का प्रयास किया गया होगा।

बाहरी चोट के निशान तो नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

जवान ने खुद को मारी गोली

बीजापुर(दावा)। रामपुरम सीएएफ कैंप में पदस्थ एक जवान ने आज सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जख्मी हुए जवान को मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के रामपुरम सीएएफ कैंप में पदस्थ जवान मनोज दिनकर ने सुबह पांच बजे के करीब अपने सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर अपनी जान लेने की कोशिश की। सुबह कैंप के अंदर चली गोली की आवाज सुनकर वहां अफरातफरी मच गई। अन्य जवानों ने जब देखा कि जवान मनोज ने खुद को गोली मार ली तो अन्य जवानों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में घायल जवान का प्राथमिक उपचार किया गया। जवान की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर कर दिया गया हैं। घटना की खबर लगते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। हालांकि खबर लिखे जाने तक घटना का कारण सामने नहीं आ सका था।

रूवातला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला रूवातला में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरूवात 26जून से प्रारंभ हो गया जिसमें कक्षा पहली तथा छठवीं में दर्ज होने वाले बच्चों को गुलाल एवं मुँह मीठा करके शाला में दर्ज कराया गया साथ ही साथ शासन द्वारा देय निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का भी वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती गणेशी गणेश वर्मा प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा तथा माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तरुण साहू प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक बंदिश नेमपाण्डे, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक लूनकरण वर्मा संकुल समन्वयक तिलेश्वर वर्मा, शिक्षक राजेश कुमार साव, राजेश पंचभाई, श्रीमती संध्या गोस्वामी, नीतू वर्मा, प्रतीक्षा दास एवं पालकगण आदि उपस्थित थे।

भीषण गर्मी के बीच राहत की बारिश... मौसम हुआ सुहाना

खेती-किसानी कार्यों ने जोर पकड़ा... बोनी तेज
उमस का बना हुआ है जोर.... स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी से लहर-तहर कर देने वाला जेष्ठ माह की 5 दिन पहले ही समाप्ति चुकी है उसके बाद भी गर्मी का माहौल बना रहा। मंगलवार-बुधवार को तो दोपहर में गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे थे। इससे आदमी भीषण गर्मी की तरह घर में दुबके रहने के लिए विवश हो रहा था। बुधवार दोपहर 2 बजे के बाद थोड़ी देर ही सही लेकिन गर्जन-तर्जन के साथ हुई बारिश से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिली।

इस बारिश से ऐसा लगने लगा कि 23 जून रविवार से प्रारंभ हुए आसाढ़ मास मानसून की तरह कही गायब हो गया था जो सही मायनों में बुधवार 26 जून के दूसरे जून को अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। मौसम विभाग ने वर्तमान में कम-ज्यादा मात्रा में हो रही बारिश के सम्बंध में बताया कि एक द्रोंणिका दक्षिण गुजरात के उपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से लेकर म.प्र. और दक्षिण पूर्व यूपी होते हुए उत्तर पश्चिम में बिहार तक तथा एक द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम एमपी के उपरांत स्थित चक्रवाती परिसंचरण से पूर्वी एमपी, छ.ग., झारखंड, पं. बंगाल होते हुए उत्तर-पूर्वी आसाम तक समुद्र तल से 0.9 कि.मी. की उंचाई पर है। इससे अधिकांश हिस्से में गरज-चमक के साथ बारिश होने की स्थिति बनी हुई है। बहरहाल बुधवार दोपहर कुछ देर के लिए ही सही अच्छी बारिश होने से मौसम सुहाना हो उठा और ठंडी हवा चलने से लोग शाम के समय मौसम का लुत्फ उठाने के लिए बाहर की ओर निकले। शहर के चौपाटी, उर्जा पार्क व अन्य बाग-बगीचे की ओर लोगों को शुद्ध हवा खाने टहलते देखे गए।

खेती-किसानी का जोर

बता दे कि मानसून के सक्रिय होने के बाद भी पिछले दो-तीन दिनों से बारिश नहीं होने के कारण भीषण गर्मी और उमस से लोगों को परेशान होना पड़ रहा था। आसमान में बादल छाए रहने के बाद भी बारिश नहीं हो रही थी। रविवार के पहले मानसून के बादल बरसे। शहर सहित जिले भर में जोरदार बारिश हुई। इससे न केवल गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिली किसानों का मन भी प्रसन्न हो गया। बारिश के साथ ही खेती-किसानी कार्यों का जोर दिखने लगा और बोनी में तेजी आ गई है। जिले में इस वर्ष धान की बोनी एक लाख 73 हजार हेक्टेयर मे करने की तैयारी है। कृषि विभाग ने इस साल खरीफ फसल का रकबा एक लाख 82 हजार हेक्टेयर रखा है। इसमें धान की फसल सहित अरहर, मूंग, उड़द, सोयाबीन, कोदो-कुटकी, मूंगफल्ली, मक्का, रागी आदि शामिल।

स्वास्थ्य पर विपरीत असर

बताते चले कि मौसम में आए दिन परिवर्तन होने का असर लोगों के स्वास्थय पर दिखने लगा है। इससे लोग मौसमी बीमारियों, सर्दी, खासी, वायरल फीवर, उल्टी-दस्त, पीलिया जैसी संक्रामक रोगों के चपेट में आ रहे। शहर सहित जिले के शासकीय निजी अस्पतालों में मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोग उपचार कराने के लिए रोजाना पहुंच रहे है। इससे जिला चिकित्सालय बसंतपुर मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पेंड्री सही अन्य निजी हास्पिटलों में मरीजों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

पिछले दिनों बारिश होने के बाद अचानक इसके रूक जाने व तेज धूप व भीषण गर्मी की स्थिति बनने से गत सोमवार व मंगलवार का दिन लोगों के स्वास्थ्य के लिए काफी कष्ट कारक रहा। बुधवार दोपहर बारिश होने से लोगों को शारीरिक व मानसिक राहत मिली है।

प्रवेश उत्सव एवं 2 दिवसीय आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग आयोजित

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ प्रवेश उत्सव एवं 2 दिवसीय आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश उत्सव धूमधाम से बनाया गया सभी बच्चों का तिलक अभिनंदन करके और मिठाई वितरण करके प्रवेश उत्सव मनाया गया है।

इसी प्रकार विद्यालय में दो दिवसी आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया था इसमें दो दिवसों में आचार्य को कक्षा शिक्षण, विद्यालय अभिलेख, शिक्षण कौशल और कम्प्यूटर से संबंधित गूगल डॉट, गूगल शीट, पावर पॉइंट आदि के बारे में तथा प्रोजेक्टर कौशल का विकास आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया और आगामी सत्र के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य योजनाएं बनवाए गए और उन योजनाओं के क्रियानवन के लिए बैठक भी रखी गई।

समापन समारोह में विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सचिव, नीलम चोपड़ा कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमास्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंग ठाकुर, त्रिवेणी मंडल, झुंपा मंडल, ज्योति मार्वे, माया वशिष्ठ, प्रिया दीदी प्रीति बाला वैष्णव, अमिता जैन, सुषमा शांडिलकर, ज्योति शर्मा, चंद्रिका यादव, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, नरेश सिन्हा, ओम प्रकाश महोबिया, सौरभ फूले, अमित शुक्ला, विशेष साहू, डीगेश साहू, प्रदीप सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

स्व. चमन सोनी के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में किया स्वल्पहार, फल, मिठाई का वितरण

डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। डोंगरगढ़ भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय, कर्मठ, नेता सोमित्र सोनी के पापा स्वर्गीय चमन सोनी के जन्मदिवस के अवसर पर जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में पूरे परिवार के साथ वहां निवासरत वृद्धजनों के बीच में जाकर अपने पापा की याद में वृद्धजनों को स्वल्पाहार, फल एवं मिठाई वितरण की गई।

साथ में नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ वार्ड नं-03 की पार्षद श्रीमती प्राची सोनी भी उपस्थित थी। वृद्धाश्रम की संचालक श्रीमती नलिनी मेश्राम, एस.जी. मेश्राम, वेदिका साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, ललिता मरकाम, सती चतुर्वेदी, स्मिता साहू नर्स, मंजू धनकर योगा, थैरेपिस्ट निकहत, परवीन सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्राची सौमित्र सोनी ने वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वरिष्ठ नागरिकगणों से उनकी दिनचर्या खान-पान एवं उनके स्वास्थ्य के संबंध में पूछताछ की। सभी के चेहरे पर मुस्कान देखकर प्राची सोनी खुश नजर आई। यह जानकारी मंजू धनकर ने दी।

भोथीपारकला स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक स्कूल में 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में ब्लाक शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक जीवनलाल साहू, अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रूपदास साहू ने की। सर्वप्रथम ज्ञान दायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। समवेत स्वर में बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। संस्था के प्रधान पाठक गजाधर साहू ने शाला प्रवेशोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीवनलाल साहू ने जीवन में पढ़ाई के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ ही पालक वर्ग का भी यह परम कर्तव्य बनता है कि वह अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करें। बच्चों को संस्कारवान बनाएं। बच्चों को घर में भी इस प्रकार से माहौल देवें कि वे पढ़ाई के प्रति प्रेरित होवें। सभा को संबोधित करते हुए रूप दास साहू ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, शाला गणवेश के साथ ही शाला गणववेश के साथ मध्याह्न भोजन प्रदान किया जाता है। ये सब दृष्टि से पालक वर्ग और बच्चों को चाहिए कि वह इन योजनाओं का लाभ उठाते हुए जागरूक होकर शिक्षा की महत्ता को समझें और अपने जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लावें। नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। अतिथियों, शिक्षकों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उपस्थित सभी बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शाला गणवेश वितरित किए।

शा.प्राथमिक शाला भोथीपार कला

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश साहू ने किया। इस अवसर पुहुपराम साहू उप सरपंच, मोहित राम साहू, चेतन दास साहू, हीरा लाल साहू, गंगा दास साहू, सुखदेव ठाकुर, शिक्षिका योगेश्वरी रावटे एवं महिला वर्ग में लक्ष्मीबाई साहू, निर्मला साहू, सुशीला साहू, गंगा जोशी, भगवती साहू, तुलेश्वरी साहू, पूजा साहू, राधिका साहू, ममता साहू, चंपा साहू, रोहिणी यादव, फिरंतीन ठाकुर, सेवती साहू, भानु साहू, रुक्मणी जोशी, तनुजा साहू व स्व-सहायता समूह की महिलाएं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव... चॉकलेट के साथ बच्चों का वेलकम, कहीं छात्राओं के पैर धुलवाए, कहीं आरती उतारी

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने के बाद आज से स्कूल खुल गए हैं। इसके पहले दिन प्रदेश के सभी स्कूलों में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। हालांकि, पहले स्कूल 18 जून से खुलने वाले थे। लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार ने इसे एक हफ्ते बढ़ाकर 26 जून तक कर दिया था। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के कारण 22 अप्रैल से ही 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां घोषित की गई थी।

वेलकम पार्टी के साथ किया गया अभिनंदन

वहीं, 16 जून को रविवार और 17 जून को बकरीद होने के कारण स्कूल 18 जून से स्कूल खुलने थे। स्कूलों में प्रवेश के दौरान बच्चों को वेलकम पार्टी भी दी गई। जहां तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। बोर्ड परीक्षा/ स्थानीय परीक्षा में मेधावी अंक पाने वाले बच्चों को सम्मानित भी किए जाने की तैयारी है। स्कूल परिवार की ओर से उत्कृष्ट पालकों का भी सम्मान किया जाएगा।

टीचर्स ने छात्राओं के पैर धुलाकर किया स्वागत

कोंडागांव जिले के उत्कृष्ट विद्यालय मड़ानार में शाला प्रवेश उत्सव मेरे बगिया के फूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत पुष्पमाला, रोली कुमकुम लगाकर चरणवंदन के साथ किया। बच्चों के हाथों केक कटवाकर पौधारोपण भी किया गया। इससे पहले छात्राओं के पैर भी धोए गए। वहीं जांजगीर-चांपा जिले के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान पेरेंट्स भी शामिल हुए। स्कूली छात्र-छात्राओं के माथे पर तिलक लगाकर और चॉकलेट देकर प्रवेश कराया गया। बच्चों को पुस्तकें और ड्रेस भी बांटी गई। स्कूल खुलने का उत्साह बच्चों में भी दिख रहा था। महासमुंद जिले में भी नए शिक्षा सत्र में बृजराज पाठशाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों को शाला परिसर में तिलक लगाकर, गणवेश, पुस्तक, बैग और चॉकलेट वितरण किया गया।

स्कूली बच्चों को बुके देकर किया गया स्वागत

बिलासपुर जिले में भी स्कूलों में टीचर्स और बच्चों ने मिलकर प्रवेश उत्सव मनाया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों का बुके देकर स्वागत किया। हालांकि, पहले दिन बच्चों की उपस्थिति कम ही रही। इसके चलते स्कूलों में प्रवेश उत्सव के लिए अलग-अलग दिन तय किए गए हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ ही पेरेंट्स को भी बुलाया जाएगा। स्कूल के पहले दिन हाई स्कूलों में सप्लीमेंट्री एग्जाम भी शुरू हुए हैं।

सीएम साय ने छात्रों को दी शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें।

एसबीआई बैंक में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी; दमकलकर्मियों ने पाया काबू

कोरबा (दावा)। में एसबीआई कर्मी की लापरवाही से भीषण आगजनी हो गई। यहां काम के बाद कर्मी एसी ऑफ करना भूल गए, जिससे बढ़ती गर्मी ने शार्ट सर्किट करा दिया जिससे यहां भीषण आग लग गई।

दरअसल, मंगलवार देर रात करीब सवा 12 बजे घंटाघर चौक के पास निहारिका क्षेत्र में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा कार्यालय में आग लग गई। आग लगने की जानकारी होते ही यहां आस-पास के लोगों में अपराध अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसके बाद तुरंत सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाना शुरू किया। आग कैश और जरूरी दस्तावेजों तक पहुंचती उससे पहले ही काबू पा लिया। बैंक के अधिकारी माधवी सिंह ने बताया कि उसे फोन पर घटना की जानकारी मिली, जहां मौके पर पहुंची तो देखा कि ऑफिस में आग लगी हुई है। दमकल वाहन को बुलाया गया, जहां उसकी मदद से आग पर काबू पाया गया।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों को नये कानूनों के संबंध में दी जानकारी

- नये कानून अंतर्गत निर्धारित समय में होगा प्रकरणों का समाधान - कलेक्टर
- 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 होंगे प्रभावी
- पुलिस, विवेचक, प्रार्थी, गवाह, पीड़ित सबके लिए एक अच्छा परिवर्तन

कानूनों में एकरूपता लाने, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नये कानून में किया गया प्रावधान - पुलिस अधीक्षक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को नये अपराधिक कानूनों के संबंध में जागरूकता हेतु जानकारी दी गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। मीडिया के माध्यम से लोगों तक नये कानूनों के संबंध में जानकारी पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यतः पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने के लिए एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों को प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए समय निर्धारित किया गया है। पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखा गया है। शीघ्र निराकरण होने से दोनों पक्षों के लिए राहत है। पीड़ित पक्षकार को ई-साक्ष्य, जीरो-एफआईआर, ई-एफआईआर से राहत मिलेगी। बहुत अच्छी मंशा के साथ नया कानून बना है। सभी नागरिकों को इसका फायदा मिलेगा। दोषी अपराधियों को सजा जल्दी मिलेगी। जिससे समाज में एक अच्छा प्रभाव एवं परिवर्तन दिखाई देगा। पीड़ित पक्ष को न्याय जल्दी मिलेगा। यह कानून सभी नागरिकों तक पहुंच सकें, इसके लिए लगातार जानकारी दी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने बताया कि 1 जुलाई से भारतीय दण्ड संहिता (आईपीसी) के स्थान पर तीन मुख्य कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। 150 वर्ष पूर्व कानून में बदलाव किया गया है तथा अलग-अलग धाराओं में सजा के लिए परिवर्तन किया गया है। कानूनों में एकरूपता लाने के लिए नया कानून लाया गया है। उन्होंने बताया कि 7 वर्ष से ज्यादा सजा की अवधि के अपराधों में न्याय दल गठित किया जाएगा तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बाद विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है।

पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जप्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। इन कानूनों के संबंध में नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। पीड़ित पक्ष को न्याय समय पर मिले। पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। लोगों के लिए एक अच्छा कानून बनाया गया है, ताकि उन्हें सुविधा मिल सकें। पुलिस, विवेचक, प्रार्थी, गवाह, पीड़ित सबके लिए एक अच्छा परिवर्तन है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सकें। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिंक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फॉर्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फॉर्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने जीरो-एफआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले प्रार्थी को संबंधित थाने में ही एफआईआर दर्ज करनी होती थी, लेकिन अब जीरो एफआईआर अंतर्गत प्रार्थी को बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज की जा सकती है। जांच करने के लिए एसडीओपी एवं सीएसपी लिखित में जांच करने के निर्देश देंगे। 14 दिवस में इसका निराकरण करना होगा। ज्यादातर अपराधों में समय पर चालान पेश होते हैं। उन्होंने बताया कि 90 दिवस से ज्यादा होने पर विवेचक को इसके संबंध में कारण बताना होगा और विवेचक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय अवधि निर्धारित की गई है, जो महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आईपीसी अंतर्गत पहले बच्चियों से संबंधित था, जिसे अब बालक एवं बालिकाओं के लिए किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नये कानून के अंतर्गत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भी समय का निर्धारण किया गया है। उन्होंने बताया कि अर्थदण्ड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। उन्होंने बताया कि सुपारी किलर एवं जघन्य अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए नया अपराध पंजीबद्ध किया जा सकता है, बशर्ते कि पहले से उनके दो चालान न्यायालय में पंजीबद्ध हो। उन्होंने बताया कि नये कानून में राजद्रोह हटा दिया गया है, इसके स्थान पर देश की अखण्डता एवं अक्षुण्यता के खिलाफ कोई कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया हैं। नये टेक्नोलाजी को अपनाने से कार्य सुगम होंगे तथा अपराधियों को समय पर दण्ड मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिंक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बच्चों से अपराधिक गतिविधि कराने पर दुगुनी सजा का प्रावधान है। बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। देश के बाहर भाग जाने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर ने बताया कि अब जांच के दौरान तकनीक का प्रयोग किया जाएगा और तलाशी एवं जप्ती के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। उन्होंने नये कानून के धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता की 511 धाराओं के स्थान पर अब 358 धाराएं है तथा 23 अध्याय के स्थान पर 20 अध्याय हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 अंतर्गत संशोधन करते हुए 190 से अधिक छोटे एवं बड़े बदलाव किए गए हैं। 41 अपराधों में सजा बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में अर्थदण्ड की सजा बढ़ाई गई है। कुल 33 अपराधों में कारावासों की सजा बढ़ाई गई है। वही 6 अपराधों में सजा के रूप में सामुदायिक सेवा लायी गई है। भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत सामुदायिक सेवा को भी दण्ड के प्रकार के रूप में शामिल किया गया है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की 484 धाराओं के स्थान पर अब 531 धाराएं हैं तथा 37 अध्याय के स्थान पर 39 अध्याय है। इसके अंतर्गत 360 से अधिक बड़े एवं छोटे बदलाव पेश किए गए है। 9 अनुभाग जोड़े गए हैं। कुल 39 नये उप अनुभाग जोड़े गए हैं तथा कुल 49 प्रावधान स्पष्टिकरण जोड़े गए है। 39 स्थानों पर ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रानिक माध्यम शुरू किए गए है। 45 प्रावधानों में समय सीमा का उल्लेख किया गया है तथा पुरानी प्रक्रिया संहिता के कुल 15 प्रावधान हटाए गए हैं। इसके अंतर्गत 3 वर्ष से कम के अपराध में तथा 60 वर्ष से ज्यादा के अपराधी की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की पुर्वानुमति से गिरफ्तारी की शुरूआत की गई है। 15 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक अथवा मानसिक एवं शारीरिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों को थाने में नहीं बुलाया जा सकेगा।

भारतीय साक्ष्य अधिनिमय 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की 167 धाराओं के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 170 धारायें है एवं 11 अध्याय के स्थान पर 12 अध्याय है। इसके अंतर्गत 45 से अधिक बड़े और छोटे बदलाव किए गए है। कुल 24 प्रावधानों में संशोधन किए गए है। कुल 2 नयी धाराएं और 10 नयी उपधाराएं जोड़ी गई हैं। कुल 5 नये स्पष्टीकरण जोड़े गए है। कुल 1 नया प्रावधान जोड़ा गया है। कुल 11 धाराएं और उपराधाएं हटा दी गई हैं। कुल 5 स्पष्टीकरण हटा दिये गए हैं। एक दृष्टांत हटा दिया गया है। एक अनुसूची जोड़ी गई है।

डोंगरगांव में चखना सेंटर चल रहे हैं चोरी की बिजली से

डोंगरगांव (दावा)। आबकारी विभाग द्वारा डोंगरगांव मोहड़ सरहद में चलाए जा रहे शासकीय मदिरा दुकान के समीप अवैध चखना सेंटरों में हुकिंग कर बिजली चोरी की जा रही है, शिकायत के बाद विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हुकिंग तार आदि को जब्त किया किन्तु अब तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही सामने नहीं आयी है।

- आबकारी विभाग के परिसर पर खुलेआम हुकिंग कर हो रही है चोरी
- हुकिंग तार जब्ती के बावूजद कोई कार्यवाही नहीं

शहर में आबकारी विभाग की मनमानी किसी से छिपी नहीं है फिर चाहे अवैध चखना सेंटरों का संचालन हो या फिर कोचियों के माध्यम से गांव गांव तक शराब की सप्लाई करने का मामला हो किसी भी काम में विभाग के कर्मचारियों की तारीफ की जाये कम होगा। अब आबकारी विभाग के खाते में एक और मामला जुड़ रहा है, विभाग के परिसर में चल रहे अवैध चखना सेंटर में मुख्य स्ट्रीट लाईन से खुलेआम बिजली चोरी का मामला सामने आया है, स्थानीय मिडिया की टीम की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम ने हुकिंग किये जाने वाले तार और विद्युत कनेक्शन जब्त किया है किन्तु आबकारी विभाग के खिलाफ कार्यवाही करने में विद्युत विभाग के भी हाथपांव फूल रहे हैं। हॉलाकि इस पूरे घटनाक्रम की बकायदा विडियोग्राफी हुई है और चखना दुकान का संचालक विद्युत विभाग के कर्मचारियों के सामने ही दुकान से चलते बने। बता दें कि आबकारी विभाग के संरक्षण में संचालित इस चखना दुकान में लगातार चोरी की बिजली उपयोग की जाती थी और विद्युत विभाग के कर्मचारियों का इस क्षेत्र में लगातार आवागमन रहता है किन्तु कभी कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस संबंध में कार्यवाही करने पहुंचे जेई ताम्रध्वज पिस्दा ने अपने उच्चाधिकारियों से भी सलाह ली किन्तु इसके बावजूद आबकारी विभाग या चखना सेंटर संचालक पर कोई भी कार्यवाही नहीं किया जाना अनेक सवालों को जन्म देता है। विभाग के एई जनक साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि वे छुट्टी पर हैं।

मामले में श्री पिस्दा ने बताया कि शराब दुकान परिसर पर चखना सेंटर में बिजली चोरी की जा रही थी और हुकिंग वायर आदि की जब्ती की गई है लेकिन मौके पर कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं मिला और उच्चाधिकारियों से चर्चा करने के बाद किसी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

गुजराती स्कूल में धूमधाम से मना शाला प्रवेश उत्सव

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गौरव पथ स्थित गुजराती राष्ट्रीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला में बुधवार 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

स्कूल के प्राचार्य डी.आर. नावेलकर बताया कि शाला में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इससे बच्चों में प्रफुल्लता देखी गई। स्कूल खुलने के पहले ही दिन बच्चों के बड़ी संख्या में शाला प्रवेश से विद्यालय का माहौल खुशनुमा एवं बच्चों के कलरव से गुंजायमान रहा।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नव-प्रवेशी बच्चों को अध्यापिका श्रीमती अपर्णा श्रीवास्तव, नैन साहू, ऋतु राजपूत, कु. ट्विंकल साहू, कु. प्रिया साहू व अन्यों को गुलाल का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।

पार्षद कार्यालय में तोड़फोड़ व चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। स्टेशन पारा के वार्ड पार्षद कार्यालय में बीती रात तकरीबन एक बजे आरोपियों द्वारा तोड़-फोड़ कर दी थी और कार्यालय के गल्ले में रखे 11 हजार रूपए की चोरी कर ली थी। आसपास के लोगों द्वारा इसकी सूचना पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली को दिए जाने पर पार्षद अली द्वारा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पार्षद के कार्यालय में तोड़-फोड़ करने वाले तथा पत्थर से ताला तोड़कर कार्यालय में रखे 11 हजार रूपए पारकर देने वाले तीन आरोपियों को धरदबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी लोकेश यादव और उसके दो नाबालिग साथियों ने कार्यालय के ताला को पत्थर मारकर तोड़ दिया व इसके बाद भीतर लगे कांच के स्लाइडर में तोड़-फोड़ की। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। इसमें से एक आरोपी को मोतीपुर निवासी तथा दो को स्टेशन पारा में रहने वाला बताया जाता है।

जिला बार एसो. के चुनाव में अधिवक्ता मनोज चौधरी की हुई जीत

राजेश खांडेकर सचिव निर्वाचित व उपाध्यक्ष पद पर अशोक रजक हुए काबिज

राजनांदगांव (दावा)। जिला न्यायालय में बुधवार को सम्पन्न हुए जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे मिलन सार व्यक्तित्व के धनी अधिवक्ता मनोज चौधरी ने अपने निकटतम प्रत्याशी नारायण कन्नौजे को 14 मतों से मात देकर अध्यक्ष पद पर फिर काबिज हो गए है। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर अशोक रजक व सचिव पद पर अधिवक्ता राजेश खांडेकर ने अपने निकटतम प्रत्याशियों को मात देकर जीत का सेहरा अपने सिर माथे पर कर लिया है।

जिले के अधिवक्ता मनोज चौधरी की जीत पर सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताजनों की खुशी द्विगुणित हो गई और परिणाम आते ही श्री चौधरी को गुलाल लगाकर हार-फूलों से स्वागत किया। इस बीच जिला न्यायालय के वरिष्ठ कनिष्ठ वकीलों ने उनके साथ फोटो खींचवाई एवं सेल्फी ली।

अधिवक्ता श्री चौधरी की जीत पर शहर के जाने-माने अधिवक्ताओं से राय जानने पर उन लोगों ने बताया कि श्री चौधरी काफी मिलनसार व्यक्ति है। यही वजह है कि सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं का उन्हें साथ मिला और वे अपने प्रतिद्वंदी अधिवक्ता नारायण कनौजे को 14 मतों से मात देकर पुनः जिला बार एसोसिशन के अध्यक्ष पद पर काबिज हुए। इस चुनाव में अधिवक्ता मनोज चौधरी को कुल 192 मत मिले, वही नारायण कन्नौजे को 178 व मौलेश तिवारी को 100 मत मिले। इसमे 8 मत अवैध रहे।

सचिव बने राजेश खांडेकर

बता दे कि अधिवक्ता संघ के चुनाव में कुल 548 में से 472 सदस्य अधिवक्ताओं ने मतदान किया। चुनाव में सचिव पद के लिए नरेश कुमार गंजीर व राजेश खांडेकर के बीच कड़ा मुकाबला रहा। मतदान पश्चात गुरूवार को चुनाव परिणाम आने पर अधिवक्ता राजेश खंडेकर को कुल 210 मत मिले वही नरेश कुमार गंजीर ने कुल 167 मत पाया। अवैध मत 8 पड़े इससे राजेश खांडेकर ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी गंजीर को 43 मतों से मात देकर अपनी जीत दर्ज की।

इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर अशोक रजक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी देवेशदत्त दास वैष्णव को 48 मतों से पराजित कर जीत का परचम लहराया अधिवक्ता रजक को कुल 170 वोट मिले वही देवेश दत्त को 122 व सचिव पद पर त्रिकोणिय मुकाबला बनाए तहसील कार्यालय के नोटरी एवं अधिवक्ता मोरध्वज साहू को 100 वोट मिले। अवैध मतों की संख्या 15 रही।

चुने गए कार्यकारिणी के सात सदस्य

बता दे कि जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी के लिए पुरूष पद के छह प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाया था। इसमें भागवत साहू को 219 मत, हरिलाल पटवा को 195 मत, महेन्द्र कुमार शर्मा को 170 मत, नरेश कुमार शर्मा को 245 मत तथा वीरेन्द्र मुक्ति को 137 मत मिले। इसमें 7 मत अवैध रहे। अतः उपरोक्त नाम धारी अधिवक्ताओं को कार्यकारिणी के लिए चुन लिया गया।

मतदान प्रक्रिया के पीठासीन अधिकारी के रूप में चुनाव सम्पन्न कराने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता उमांकात भारद्वाज तथा उनके सहयोगी रहे अधिवक्ता एल.डी.हिरवानी व गुणेन्द्र साव (गुल्लू) सहित समस्त अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष निर्वाचित हुए मनोज चौधरी, सचिव राजेश खांडेकर व उपाध्यक्ष अशोक रजक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के परिवार में शोक लहर

बहन इला कल्चुरी के पति महेन्द्र कल्चुरी का हुआ देहांत

रायपुर (दावा)। आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की बहन इला कल्चुरी के घर से शोक की लहर है। जिसमें उनके पति और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के जीजाजी महेंद्र कल्चुरी का निधन हो गया है।

श्री कल्चुरी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और आज राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम साँस ली, महेन्द्र कल्चुरी के देहावसान से डॉ. रमन सिंह के परिवार में शोक का वातावरण है। महेंद्र कल्चुरी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें बेटा साकेत -बहु शैलजा कल्चुरी, बेटा शान्तनु-बहु कविता कल्चुरी के साथ बेटी सोनल सिंह और नाती पोते में शुभी, शौर्य, ईशान, मोहवी, अनय और आरिका हैं। आज दिनांक 28 जून को सुबह 11:30 बजे महेंद्र कल्चुरी का अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

टोल प्लाजा के पास बाइक मवेशी से टकराई, हादसे में युवक की मौत

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टोल प्लाजा के समीप बीती शाम एक सड़क दुर्घटना हो गई जिससे सहकारी बैंक में प्रबंधक पद पर कार्यरत युवक की मौत हो गई। सोमनी थाना प्रभारी कृष्णा पाटले ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत युवक को इलाज हेतु अस्पताल भेजा। जहां डाक्टरों ने परीक्षण कर युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक के परिजनों से सम्पर्क करने की कोशिश कर रही है। बताया जाता है कि जिला सहकारी बैंक मोहारा में प्रबंधक पद पर कार्यरत कुलेश्वर सिंह अपनी बाइक से आ रहा था जैसे ही सोमनी के पास टोल प्लाजा के नजदीक पहुंचा उसकी बाइक एक मवेशी से टकरा गई। इससे सिर पर गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

आवश्यकता है
कक्षा दसवीं के छात्र को सभी विषयों को पढ़ाने हेतु शिक्षक की आवश्यकता है, जो घर पर आकर पढ़ाने के इच्छुक हो संपर्क करें।
राजेन्द्र पांडे
पता - जीवन 'A' कॉलोनी पाताल भैरवी के पीछे, राजनांदगांव
मो. 8982980934, 9131127752

प्रवेश प्रारंभ
✦ श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित श्री देव आंनद जैन शिक्षा मंदिर (हिन्दी माध्यम) नर्सरी से बारहवीं तक, विषय - गणित, जीव विज्ञान, कॉमर्स, कृषि संकाय
✦ श्री देव आनंद जैन पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) प्री नर्सरी से बारहवीं तक विषय - गणित, जीव विज्ञान ,कॉमर्स संकाय
6267088919,9098837101(हिन्दी माध्यम)
9893067917(अंग्रजी माध्यम)
सचिव
श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ

आवश्यकता है
* हॉकी प्रशिक्षक - 01 पद
विषय शिक्षक
* भौतिक - 01 पद (हायर सेकेण्डरी)
* गणित - 01 पद (हायर सेकेण्डरी)
प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
प्राचार्य
गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगाँव (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com